हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 272 ● सोमवार 18 नवंबर 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## केजरीवाल के 'हनुमान' ने दिया जोर का झटका

### ● 'अपने राम' को छोड़ उड़ चले कैलाश गहलोत, दे दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। खुद को अरविंद केजरीवाल का हनुमान बताने वाले एएपी नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वो मौजूदा आतिशी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी



संभाल रहे थे। कैलाश गहलोत ने रविवार को आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी छोड़ दिया। उनके इस्तीफे को दिल्ली की सीएम आतिशी ने स्वीकार कर लिया है। यही नहीं एएपी सूत्रों का दावा है कि कैलाश गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। छापेमारी भी हुई थी, ऐसे में उनके पास बीजेपी में जाने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। कैलाश गहलोत को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के बेहद करीब नेताओं में माना जाता था। इसी साल सितंबर में जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दिया और आतिशी के नेतृत्व में नई सरकार बनी तो कैलाश गहलोत को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल किया गया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मिल गई बड़ी सफलता

### ● पुलिस ने सलमान वोहरा को अकोला से किया अरेस्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अकोला महाराष्ट्र से सलमानभाई इकबाल भाई वोहरा को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में यह 25वीं गिरफ्तारी है। पुलिस वोहरा की गिरफ्तारी को इस हाईप्रोफाइल मर्डर केस में काफी अहम अरेस्ट मान रही है। पुलिस का कहना है कि वोहरा ने मर्डर की घटना में वित्तीय मदद की थी। वोहरा ने अन्य आरोपियों को



रुपये भेजे थे। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई में हत्या की गई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में वोहरा का नाम सामने आया था। पुलिस का दावा है कि उसने गुजरात में अपने बैंक खाते के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए थे। पुलिस ने पहले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उन्हें अदालत में पेश किया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को अकोला के बालापुर से गिरफ्तार किया है। वोहरा गुजरात के आणंद जिले के अर्बन पार्क का निवासी है। पुलिस ने 24वें आरोपी के तौर पर आकाश दीप गिल को भी पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किया गया।

## अंतरिक्ष में 'फंसीं' सुनीता की आ गई है नई तस्वीर

### ● नई फोटो ने दी फैंस को दी बड़ी राहत, दिख रहीं हेल्दी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर बुच कई महीनों से अंतरिक्ष में 'फंसीं' हुई हैं। हाल ही में सुनीता की एक तस्वीर सामने आई, जिसने दुनियाभर को हैरान



कर दिया। उस फोटो में सुनीता की हेल्थ काफी खराब लग रही थी और वजन गिरा हुआ नजर आ रहा था, लेकिन अब एक नई और लेटेस्ट फोटो के जरिए सुनीता विलियम्स के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, ताजा फोटो में सुनीता विलियम्स पहले से बिल्कुल विपरीत एकदम हेल्दी नजर आ रही हैं। नासा की नई फोटो इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की गई है, जिसमें वह स्पेसएक्स ड्रैगन क्रू स्पेसक्राफ्ट की विंडो से बाहर की ओर देखती हुई नजर आ रही हैं।

# सावधान! कश्मीर में बर्फबारी से बदला मौसम

### अब कड़ाके की ठंड के आसार, आईएमडी ने दी चेतावनी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** मौसम तेजी से बदल रहा है। ठंड बढ़ने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान गिरेगा। इसमें 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और बिहार में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और माहे में अलग-अलग जगहों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी पूरे सप्ताह कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के रिसॉर्ट गुलमर्ग और गुरेज सहित कश्मीर घाटी के ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इससे तापमान में गिरावट आई और गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया।

### दिल्ली में अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान है। रात के तापमान में गिरावट के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में कोहरा छाया रहा। सुबह और शाम को ठंडी हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक था। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सबसे कम तापमान था।

# मणिपुर में बड़े ऐक्शन की तैयारी में केन्द्र सरकार

### महाराष्ट्र की सभी रैलियां रद्द कर अमित शाह पहुंचे दिल्ली



**मणिपुर हिंसा के बीच एनपीपी ने एनडीए से समर्थन लिया वापस**

इंफाल (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अचानक महाराष्ट्र की अपनी चारों रैलियां रद्द कर दीं। वह चुनाव प्रचार के लिए नागपुर पहुंच गए थे। अचानक गृह मंत्री ने यह बड़ा फैसला लिया और दिल्ली लौट गए। बताया जा रहा है कि मणिपुर के बिगड़े माहौल को लेकर गृह मंत्री ने यह फैसला लिया है। सरकार मणिपुर में शांति बहाली के लिए कोई बड़ा कदम उठा सकती है। गृह मंत्री अमित शाह आज विदर्भ में चार रैलियां करने वाले थे। अमित शाह गढ़चिरौली, वर्धा, कटोल और सावनेर में सभाएं करने वाले थे। वह नागपुर के रेडिसन ब्लू होटल में रुके थे। सुबह 11 बजे के करीब वह गढ़चिरौली के लिए रवाना होने वाले थे तभी पता चला कि उन्होंने अपनी सभी रैलियां रद्द कर दी हैं और दिल्ली लौट रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर हिंसा को लेकर ही उन्होंने यह फैसला लिया है। अब उनकी जगह शिवराज सिंह चौहान और स्मृति ईरानी रैली करेंगी। दो सभाओं में स्मृति ईरानी मौजूद रहेंगी।

मणिपुर में बिगड़ते हालातों के बीच नेशनल पीपुल्स पार्टी ने एनडीए से अपना समर्थन वापस ले लिया है। NPP ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार राज्य की मौजूदा स्थिति से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है।

### सुरक्षा बलों ने हवा में की फायरिंग

पुलिस ने ख. रघुमणि सिंह, सपाम निशिकांत और ख. जॉयकिसन सिंह के घरों में तोड़फोड़ की घटना की पुष्टि की है। शाम करीब 7 बजे भीड़ ने वाई सुसिंद्रो के घर पर धावा बोल दिया और पत्थरबाजी की, जिसके जवाब में उनके घर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने हवा में फायरिंग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा है कि राजनेताओं ने लोगों को निराश किया है और निर्दोष नागरिकों के जीवन की रक्षा करने में विफल रहने के बाद वे अपनी कुर्सी पर बने रहने के लायक नहीं हैं। शनिवार की रात जिरिबाम में भी आगजनी हुई।

### मंत्रियों और विधायकों को बनाया निशाना

शनिवार को भीड़ ने जिरीबाम से लेकर इंफाल तक में कई बीजेपी नेताओं के आवासों को निशाना बनाया। इतना ही नहीं, सीएम एन बिरेन सिंह के दामाद राजकुमार इमो सिंह और इंफाल सरकार में मंत्री खुरई विधायक एल सुसीद्रो को निशाना बनाया गया है। बीजेपी के उरीपोक से विधायक रघुपति सिंह, पटसोई विधायक सपा कुंजाकेश्वर और थांगमेइबंद विधायक के जॉयकिसन सिंह और निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत के घरों को निशाना बनाया गया है। इन नेताओं के घरों पर संपत्ति और वाहनों तक को आग के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात भीड़ ने इम्फाल के हीनगांग में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के निजी आवास पर भी हमला करने की कोशिश की। हालांकि उस समय वे वहां मौजूद नहीं थे। सुरक्षा बलों ने भीड़ को पीछे धकेल दिया, जिन्होंने खाली गोलियां और आंसू गैस के गोले दागे। उनके आवास तक जाने वाले हाईवे पर जलते हुए टायर बिछाए गए थे। इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी दोनों जिलों समेत सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं दो दिनों के लिए बंद कर दी गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मध्य मैतेई बहुल घाटी के सभी पांच जिले शामिल हैं। वहीं कुकी बहुल समुदाय वाले जिलों कांगपोकपी और चुड़ाचांदपुर में भी भारी हिंसा देखने को मिली।

## एससी में बुधवार-गुरुवार को रेगुलर मामलों की सुनवाई नहीं

### ● इनकी जगह ट्रांसफर याचिका, बेल केस और दूसरे मामले लिस्ट होंगे, सीजेआई खन्ना ने नियम बदले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मामलों की सुनवाई को लेकर नया सर्कुलर जारी किया गया। इसके



मुताबिक बुधवार और गुरुवार को रेगुलर सुनवाई वाले मामले लिस्ट नहीं किए जाएंगे। सर्कुलर में कहा गया कि मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ट्रांसफर याचिकाओं, बेल के मामलों और दूसरे केस को लिस्ट किया जाएगा। रेगुलर सुनवाई वाले मामले लिस्ट नहीं होंगे। वहीं, स्पेशल बेंच या पार्ट हियर्ड मैटर (आंशिक सुनवाई) वाले मामले चाहे वो मिसलेनियस हों या रेगुलर, जिन्हें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को लिस्ट करने का निर्देश दिया गया है।

## भारत ने दुनिया को दिखाई अपनी ताकत!

### लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट कर रचा इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अधिकारियों के अनुसार, हाइपरसोनिक मिसाइल का शनिवार को परीक्षण किया गया। सिंह ने इस मिसाइल के परीक्षण को एक ऐतिहासिक पल करार दिया और कहा कि इससे भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।' उन्होंने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक पल है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमता है।' सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सशस्त्र बलों और उद्योग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।



## केशव का बंटेंगे तो कटेंगे पर 12 घंटे में यू-टर्न

### कहा-यह नारा मेरे दिल की आवाज, बीजेपी में कोई मतभेद नहीं

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में 20 नवंबर को उपचुनाव की वोटिंग है। कल प्रचार का आखिरी दिन है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बंटेंगे तो कटेंगे नारे से किनारा

### ● उपचुनाव के बीच अखिलेश यादव पर गरजे डिप्टी सीएम मौर्य

करने के 12 घंटे में यू-टर्न ले लिया। रविवार को एक्स पर लिखा- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे दिल की आवाज हैं। उन्होंने आगे लिखा- भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। सपा, बसपा और कांग्रेस को इस



एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा। अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। दरअसल, शनिवार को केशव मौर्य ने योगी के बंटेंगे तो कटेंगे नारे से किनारा किया था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था- भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे है। बंटेंगे तो कटेंगे जैसा कोई नारा नहीं है। केशव मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक संत हैं और एक संत का अपमान न तो केशव प्रसाद मौर्य बर्दाश्त करेगा, न देश और न ही प्रदेश की जनता बर्दाश्त करेगी। इसका खामियाजा उन्हें उपचुनाव और चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

केशव प्रसाद मौर्य का यह बयान तब आया जब एक दिन पहले ही बटेंगे तो कटेंगे वाले सीएम योगी के बयान से उनके किनारा कर लेने की खबरें सामने आई थीं। मंझवा उपचुनाव में प्रचार के बाद एक टीवी चैनल से बात करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सीएम के इस नारे पर टिप्पणी से इनकार कर दिया था।

## राहुल गांधी ने बालासाहेब ठाकरे को दी श्रद्धांजलि

### ● बोले-संवेदनाएं उद्धव ठाकरे और आदित्य के साथ

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और विभिन्न राजनीतिक दलों के



नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बाल ठाकरे की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा, बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्य तिथि पर स्मरण।

# भारत अब जापान के साथ मिलकर बनाएगा नेवी के लिए यूनिकॉर्न मास्ट

### भारत और जापान के प्रतिनिधिमंडल के बीच जापान में हुआ समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और जापान के बीच रक्षा क्षेत्र में एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत भारतीय नौसेना के जहाजों पर फिट करने के लिए यूनिकॉर्न मस्तूल के मिलकर बनाने के

### ● नेवी के लिए जापान के साथ यह अपनी तरह का पहला डिफेंस एग्रीमेंट

लिए भारत सरकार और जापान सरकार के बीच 15 नवंबर 24 को टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में कार्यान्वयन ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। टोक्यो





में आयोजित एक समारोह में जापान में भारत के राजदूत महामहिम सिबी जॉर्ज और जापान रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अधिग्रहण प्रौद्योगिकी और रसद एजेंसी (एटीएलए) के आयुक्त इशिकावा ताकेशी के बीच कार्यान्वयन ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर के बाद दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना (यूनिकॉर्न) एकीकृत संचार प्रणालियों वाला एक मस्तूल है जो नौसेना प्लेटफार्मों की स्टील्थ विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। भारतीय नौसेना इन एडवांस सिस्टम को शामिल करने का प्रयास कर रही है, जिन्हें भारत में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की तरफ से जापानी सहयोग से मिलकर तैयार किया जाएगा। जब इसे लागू किया जाएगा। जब इसे लागू किया जाएगा, तो यह भारत और जापान के बीच रक्षा उपकरणों के सह-विकास/सह-उत्पादन का पहला मामला होगा। एकीकृत जटिल रेडियो एंटीना इटीग्रेटेड कम्युनकेशन सिस्टम वाला एक मस्तूल है। यह जहाजों की गुप्त विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करता है। तीन जापानी कंपनियों की तरफ से संयुक्त रूप से विकसित, ये एंटेना वर्तमान में जापान समुद्री सेल्फ डिफेंस फोर्स के मोगामी श्रेणी के फ्रिगेट पर लगे हैं। पारंपरिक मस्तूलों के विपरीत, यूनिकॉर्न विभिन्न एंटेना को सपोर्टेड स्तंभ में जोड़ता है।

## 'लॉर्ड ऑफ ड्रग्स' हाजी सलीम एनसीबी के रडार पर

### ● पूरा नेटवर्क ध्वस्त करने की तैयारी, ऐक्शन किया तेज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने वांटेड स्मगलर हाजी सलीम के खिलाफ ऐक्शन तेज कर दिया है। लॉर्ड ऑफ ड्रग्स के तौर पर पहचाने जाने वाले तस्कर को



ट्रैक किया जा रहा है। साथ ही, उसकी ओर से चलाई जा रही कार्टेल गतिविधियों को खत्म करने के लिए बड़ा अभियान लॉन्च हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर ऑपरेशन सागर मंथन के तहत कदम उठाए जा रहे हैं। एनसीबी मुख्यालय की संचालन शाखा के अधिकारियों और खुफिया विंग के ऑफीसर्स की टीम बनाकर यह ऑपरेशन शुरू किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत आरपीएफ मुरी ने महिला का प्रसव कराया



**रांची।** ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मुरी ने महिला का प्रसव कराया। आरपीएफ मुरी के एएसआई एस बैठा ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 08195 (टाटा-हटिया मेमो पैसेंजर) प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा में देखा। इसकी सूचना तत्काल सहायक चिकित्सा पदाधिकारी मुरी को दी। इसके बाद एसीएमएस मुरी और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को चिकित्सकीय सहायता दी। महिला की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों और स्टाफ ने उसे स्ट्रेचर की मदद से स्टेशन से बाहर पहुंचाया और एंबुलेंस की व्यवस्था की। इसके बाद महिला को आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली ले जाया गया, जहां उसने एक सुरक्षित और स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। महिला आरती कुमारी ट्रेन संख्या 08195 (टाटा-हटिया मेमो पैसेंजर) से टाटानगर से चांडिल के लिए यात्रा कर रही थीं। प्रसव पीड़ा के कारण वह चांडिल स्टेशन पर नहीं उतर पाईं और मुरी पहुंच गईं। उन्होंने आरपीएफ मुरी के एएसआई एस.बैठा, स्टाफ वी.के. रजक और महिला स्टाफ सिमरन कुमारी और स्वास्थ्य इकाई, मुरी का त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति अभियान के तहत आरपीएफ मुरी की यह त्वरित और मानवीय पहल महिला यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### मतदानकर्मियों और पोलिंग पार्टी को कोई समस्या ना हो : वरुण रंजन



**रांची।** विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर उपायुक्त सह एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने 61-सिल्ली के विभिन्न मतदान केंद्र और क्लस्टर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं ससमय कराने को लेकर सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। वरुण रंजन ने निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों और यहां बने क्लस्टर में पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी रुकेगी, इसके लिए इनके आवासन में कोई समस्या ना हो इनके खाने, पेय जल, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था इन केंद्रों में सुनिश्चित रहें। निरीक्षण क्रम में अपर समाहर्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली,रामनारायण सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली एवं अंचल अधिकारी सिल्ली और सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खलारी डीएसपी के नेतृत्व में नक्सलियों के गढ़ नकटा पहाड़ पर छापेमारी



**रांची।** झारखंड में विधानसभा के पहले चरण का चुनाव समाप्त हो चुका है। अब दूसरे और अंतिम चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। इसके लिए रांची पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के दिशा9निर्देश के बाद खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने थाना प्रभारी चान्हो और मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी के साथ नक्सलियों और पीएलएफआई के सदस्यों के संभावित ठिकाने नकटा पहाड़ इलाके में चंदवा थाना की सीमा तक छापेमारी की। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने रविवार को बताया कि एसएसपी के आदेश के बाद नक्सलियों के कमर को तोड़ने और लाल सलाम के आतंक को खत्म करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है कि गांव में रहने वाले ग्रामीणों के दिल से नक्सलियों के आतंक को खत्म करना और इसमें हमने सफलता भी हासिल की है। यही कारण है कि नक्सली अब ग्रामीण इलाकों में भी घुसने से डर रहे हैं कि कहीं पुलिस की गोलियों का निशाना ना बन जाए। डीएसपी ने बताया कि सरकार के कई योजनाएं ऐसी हैए जिससे नक्सली मुख्य धारा में भी जुड़ रहे हैं और हम नक्सलियों से यह कहना भी चाहते हैं कि गोलियां और बंदूक में कुछ नहीं रखा है आप मुख्य धारा से जोड़कर आम लोगों की तरह जिंदगी जी सकते हैं। इसके लिए पुलिस लगातार कोशिश भी कर रही है।

### रांची में लापता युवक का शव मिला



**रांची।** पिठौरिया पुलिस ने लापता युवक शाहबाज कुरैशी का शव सुतियाम्बे मुड़हर पहाड़ से रविवार को बरामद किया है। मृतक के पिता जुबैर कुरैशी ने ने 15 नवंबर को शाहबाज कुरैशी के लापता होने को थाने में मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया कि युवक का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सीएम हेमंत को संताली समाज की चिंता नहीं : चम्पाई सोरेन

**गिरिडीह।** झारखंड के कोल्हान टाईगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गिरिडीह के गांडेय की भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी के समर्थन में चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी के सर्मथन में वोट देने की अपील की। चंपाई सोरेन ने सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए और कहा कि वोट बैंक बनाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को मेहमान बना लेगी, ये कौन जानता था। उन्होंने कहा कि उनकी आदिवासी बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं है। अब तो उन्हें खुद भी आदिवासी कहने में संकोच लगता है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में अत्याचार हो रहा है। राज्य के सीएम वोट बैंक की छाया में सो रहे है। ऐसा नहीं चलेगा। या तो सीएम हेमंत को जागना होगा या फिर बांग्लादेशियों को झारखंड में रहने नहीं दिया जाएगा।

# झारखंड की जनता हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगीः कांग्रेस



**रांची।** झारखंड की जनता हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी। हिमंता अपने बोल वचन से झारखंड में भाजपा का राजनीतिक अंतिम संस्कार कराकर वापस लौट जाएंगे। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को कही। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के संबंध में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए सोनाल ने कहा चार महीनो से पूरे झारखंड में घूमकर झारखंडियों को लड़ाने की कोशिश करने वाले हिमंता ने भाजपा को रसातल में मिला दिया है और अपने उलूल जुलुल बयानों से उन्होंने झारखंडियों की आंखें खोल दी है। झारखंड के लोगों ने चुनाव के दौरान यह देख लिया है कि महागठबंधन सरकार विकास की सोच के साथ चुनावी मैदान में है और भाजपा धार्मिक चश्मे से जनता को पूरा झारखंड दिखा रही है। धर्म आधारित सारे एजेंडो के समाप्त होने के बाद अब व्यक्तिगत बदजुबानी पर हिमंता बिस्वा सरमा उतर आए हैं। सोनाल ने कहा कि राजनीतिक आतंकवाद के एजेंडे के तहत भाजपा समुदायों को आपस में लड़ाकर झारखंड की सत्ता चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में चार पूर्व मुख्यमंत्री हैं लेकिन डर के वजह से अभी तक किसी को भी भावी मुख्यमंत्री के रूप में पेश कर भाजपा ने चुनाव नहीं लड़ा। महागठबंधन हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में आगे कर चुनाव लड़ रहा है। यदि भाजपा में हिम्मत है तो अपने मुख्यमंत्री के चेहरे को जनता के सामने पेश करे। हकीकत यह है कि भाजपा का झारखंड में राजनीतिक वजूद समाप्त हो चुका है। अपने नेताओं की हार को बचाने की कोशिश में ही भाजपा नेताओं का समय खर्च हो रहा है लेकिन पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी भाजपा झारखंड की जमीन से उखड़ जाएगी।

## अजहर पर किया गया बम से हमला हार की हताशा का परिणामः बाबूलाल

**रांची।** पाकुड़ विधानसभा से आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम ने दावा किया है कि उनके काफिले पर बम से हमला हुआ है। अजहर के इस दावे के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से झामुमो और कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। बाबूलाल ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हार की हताशा में झामुमो-कांग्रेस एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करा रही है। पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर बम से किया गया जानलेवा हमला इसी बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे हमलों की कोई जगह नहीं है। धनबल के सहारे चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करने वाले झामुमो-कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी। साथ ही बाबूलाल ने




ईसीआई से मामले पर संज्ञान लेने को कहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि ईसीआई इस मामले का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करे।

## साइबरपीस कैफे करेगा झारखंड ई-स्पोर्ट्स लीग 2.0 की मेजबानी




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन गेमिंग लीग का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा इसलिए क्योंकि, रांची रिलायंस ट्रेंड्स, नॉर्थ ऑफिस पारा के पास लेवल 7-साइबरपीस कैफे में 17 नवंबर रविवार को झारखंड ई-स्पोर्ट्स लीग 2.0 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है।

**इसमें क्या होगा खास**

- फीफा में अपने कौशल दिखाएं और अंतिम फुटबॉल संघर्ष में प्रतिद्वंद्वियों को मात दें।
- फ्री फायर एरिना-युद्ध में कूदो, लूटो, और जीवित बचे रहने वाले अंतिम व्यक्ति बनो।
- वीआर एक्सपीरियंस ज़ोन हमारे विशेष वी.आर सेटअप के साथ गेमिंग के अगले स्तर में खुद को डुबोएं। साथ ही पाएं रोमांचक पुरस्कार और उपहार शीर्ष गेमर्स-के पास अद्भुत पुरस्कार जीतने का मौका।
- साथी गेमर्स के साथ नेटवर्क बनाएं समान विचारधारा वाले उत्साही लोगों और भविष्य के सितारों से जुड़ें।

उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स को विश्वव्यापी मान्यता मिल रही है। यही कारण है ऐसे खेलों का आयोजन खिलाड़ियों को इस बढ़ते क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करने और नौकरी के विकल्प तलाशने का अवसर देता है। ईस्पोर्ट्स अब एक वास्तविक खेल के रूप में गिना जाता है और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का ध्यान आकर्षित करते हुए एशियाई खेलों में भी प्रवेश कर चुका है। यह इवेंट युवा गेमर्स के लिए खुद का नाम बनाने और राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक शानदार शुरुआत के रूप में कार्य करता है, जिससे दुनिया भर में प्रसिद्धि मिलती है।

## एसबीआई बैंक के एटीएम से लाखों की चोरी





**खूंटी।** खूंटी में एसबीआई बैंक का एटीएम तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये चोरी करके बीती रात फरार हो गए। खूंटी के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत बिचना स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को चोरों ने बीती रात ताला तोड़कर 12 लाख, 21 हजार रुपये चुरा ले गए। ये ढाई वर्ष में दूसरी बार की घटना है। खूंटी सिमडेगा रोड पर बिचना गांव बस्ती से किनारे चौराहा होने के बावजूद शाम होते ही सुनसान हो जाता है। वहीं बैंक सुनसान जगह पर होने के कारण बीती रात में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब 2 बजे रात को एटीएम का ताला तोड़ा, फिर गैस कटर से एटीएम को भी काटा और एटीएम में रखे पैसों को आसानी से गायब कर दिया। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। चोरी की घटना पुलिस को रात में ही चल गयी और फिर घटना की जानकारी बैंक मैनेजर को दी गयी, जहां रविवार सुबह पुलिस और बैंक मैनेजर मामले को लेकर सीसीटीवी को खंगाल रहे है। इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। पुलिस अधीक्षक एसपी अमन कुमार ने बताया कि चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## झारखंड की दशा को हिमाचल जैसा नहीं होने देना हैः जयराम ठाकुर



**रांची।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में कहा कि कांग्रेस ने अपनी झूठी गारंटी देकर हिमाचल में सत्ता हासिल की। अब अपने किए गए वादों और गारंटी के विपरीत काम करना शुरू कर दिया है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने 10 गांरटी दी थी लेकिन दो साल हो गए हैं, अभी तक कंग्रेस ने अपनी एक भी गांरटी पूरी नहीं की है। उनकी सारी गारंटी धरी की धरी रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जो वादे किए थे, अब वैसे ही वादों को झारखंड में दोहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देने का वादा किया था लेकिन हिमाचल प्रदेश में 2 साल बीत गए महिलाओं-बहनों से जो वादा किया था उनको 1500 सौ रुपये हर महीने नहीं मिले। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने वादा किया था कि 5 साल में 5 लाख युवाओं को नौकरियां देंगे। हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएगी लेकिन सत्ता में आते ही नौकरी देने की बजाय पद ही खत्म कर दिए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था लेकिन भाजपा की सरकार जो 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही थी उसको भी बंद कर दिया है। कांग्रेस ने वादा किया था कि गाय का दूध 80 रुपये और भैंस का दूध 100 रुपये प्रति लीटर खरीदेंगे लेकिन सरकार बनने के बाद मुकर गए। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के हिमाचल में 2 साल पूरे होने वाले है। लोन पर लोन लिए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिल पा रही है। ऐसा हिमाचल प्रदेश में पहली बार हुआ है। कांग्रेस की झूठी गारंटी अब पूरे देश में उजागर हो चुकी है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र जाकर कह रहे हैं कि हिमाचल में हमने सारी गारंटी पूरी की है लेकिन वहां कोई बदलाव नही हुआ। झारखंड में भी कांग्रेस के नेता प्रचार के दौरान बोल रहे है कि हमने हिमाचल प्रदेश में अपनी सभी गारंटी पूरी की है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में भी झूठे वादे करके सत्ता में आने की कोशिश की लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। जो हालात हिमाचल के कांग्रेस सरकार ने किए वो कम से कम झारखंड में न हो यह हम जनता से निवेदन है। झारखंड में जो गठबंधन की सरकार चल रही है, उसके भ्रष्टाचार के उदाहरण पूरे देश में दिए जा रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि 350 करोड़ रुपये एक सांसद के घर से और अन्य अधिकारियों के घर से पैसे बरामद होना, सत्ता में रहते एक मुख्यमंत्री का जेल चले जाना और फिर बाहर आकर जनता से सरकार बनाने की अपील करता है लेकिन झारखंड की जनता ने तय कर लिया है। प्रदेश में एनडीए-भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो घुसपैठियों का मुद्दा उठाया है, उसको लेकर सरकार बनते ही उचित फैसले लिए जाएंगे लेकिन इंडी गठबंधन घुसपैठियों को लेकर सारी सुविधांए देने की बात कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार बनने जा रही है। संबोधन के पूर्व ठाकुर ने मीडियाकर्मियों के समक्ष प्रोजेक्टर के जरिए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार की नाकामियों को दिखाया।

## रांची के हरमू बाजार परिसर से हटाया अतिक्रमण



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड के आसपास से आज अतिक्रमण हटाया गया। रांची के प्रसिद्ध बाजारों में से एक हरमू बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। हरमू में रोड के किनारे जितनी भी दुकानें थी, सभी को हटाया गया है। सड़क के किनारे दशकों से ये बाजार चल रहा था लेकिन आज यहां सन्नाटा पसर है। निगम का कहना है कि पिछले 16 तारीख को ही आदेश आ गया था और हमने लोगों को अल्टीमेटम का समय भी दिया था। निगम कर्मियों का कहना कि हम भी मजबूर हैं। हम भी ड्यूटी कर रहे। हम कुछ नहीं कर सकते हैं। इन दुकानदारों को दुकान आवंटित किया गया है लेकिन ये वहां जाना ही नहीं चाहते हैं।

## केंद्र सरकार झारखंडियों को अधिकार नहीं देना चाहतीः कल्पना



**महगामा।** कल्पना सोरेन ने महगामा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ों के लिए महागठबंधन की सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण, आदिवासी सरना धर्म कोड विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा है लेकिन उन्होंने इसको अबतक स्वीकृत नहीं किया। केंद्र सरकार झारखंडियों को उनका हक नहीं देना चाहती। कल्पना सोरेन ने कहा कि महागठबंधन की सरकार झारखंड के हक अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। आप सभी महगामा वासी महा गठबंधन सरकार को समर्थन दें, ताकि आपके लिए निरंतर कार्य किया जा सके। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ महंगाई का बोझ देती है, उस महंगाई को कम करने का प्रयास नहीं करती। महागठबंधन की सरकार ने झारखण्ड के लोगों की स्थिति को समझा और उन्हें महंगाई से राहत देने के लिए बकाया बिजली बिल माफ किया। लाखों माता-बहनों को आर्थिक सहायता दी। किसानों का कृषि ऋण माफ किया गया। कृषि ऋण माफी में सबसे बड़ा योगदान दीपिका पांडे सिंह का है। किसानों का दो लाख तक का ऋण महागठबंधन की सरकार ने माफ किया है।

## विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार 18 की शाम थम जाएगाः रवि कुमार




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार 18 नवंबर की शाम को थम जाएगा। 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। कुमार रविवार को धुर्वा निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। कुमार ने कहा कि साइलेंस पीरियड शुरू होते ही जो लोग चुनाव प्रचार आदि कार्य से मतदान वाले क्षेत्र में गये हैं, उन्हें वहां से तत्काल निकलना होगा। ऐसा नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी। इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे चेकिंग करें और किसी भी वाहन पर बोर्ड, बैनर आदि मिलने पर मोटर व्हेकिल नियमों के तहत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है और 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है। साथ ही आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक 85 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में नक्सलियों ने पोस्टर चिपका कर वोट बहिष्कार की अपील की

**गिरिडीह**। झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में भाकपा माओवादियों ने गिरिडीह जिले के पीरटांड़ इलाके में पोस्टर-बैनर के जरिये वोट बहिष्कार की अपील की है। हालांकि, जानकारी मिलते ही पुलिस ने पोस्टर हटा दिया है। विधानसभा चुनाव में पुलिस प्रशासन लगातार शांतिपूर्ण चुनाव कराने की कोशिश में जुटा है लेकिन नक्सली संगठन गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना के पालगंज मोड़ सहित कई स्थानों पर पोस्टर चिपकाकर माहौल को बिगाड़ रहे हैं। हाल के कई चुनावों में देखा गया है कि नक्सली हर चुनाव में वोट वहिष्कार की अपील करते है। हालांकि, पोस्टर से इन क्षेत्रों में चुनाव पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। नक्सलियों ने पोस्टर में कहा है कि वोट मांगने आने वालों को लौटा दें। पोस्टर में लिखा है वोट क्यों ? जल, जंगल और जमीन से बेदखल करने के लिए खिलाफ वोट का बहिष्कार करें।

### पलामू में नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, दहेज हत्या का आरोप



**पलामू**। जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी रोड में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका के पिता, देवेंद्र शर्मा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे हत्या करार दिया है। जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष जुलाई 2023 में हुसैनाबाद के सुभाष शर्मा ने नौडीहा, पाटन की रहने वाली कुमारी (नाम बदला हुआ) से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही कुमारी के ससुराल वाले तीन लाख रुपये दहेज के तौर पर मांग रहे थे। देवेंद्र शर्मा ने रविवार को दावा किया है कि दहेज की रकम न मिलने पर उसकी बेटी की हत्या कर दी गई। कुमारी के शरीर पर विशेषकर गर्दन और गाल पर चोट के स्पष्ट निशान नजर आ रहे हैं। मृतका गर्भवती थी और अक्सर खाने-पीने के लिए पैसों की मांग करती थी लेकिन उसे पैसे नहीं दिए जाते थे। इस मामले में मृतका के पति सुभाष ने बयान दिया कि वह दातानगर में किराए के मकान में रहता था लेकिन दो दिन पहले अपनी मां के कहने पर देवरी रोड स्थित मकान में पत्नी के साथ रहने लगा था। शनिवार को सुभाष काम पर था जब शाम चार बजे उसे घर से सूचना मिली कि कुमारी सोई हुई थी और उठ नहीं रही थी। घर पहुंचने पर सुभाष ने पूरी स्थिति देखी और कहा कि यह घटना कैसे घटी, यह घर के अन्य लोग ही बता सकते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### पलामू में आग से झुलसी महिला की मौत

**पलामू**। जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव में गोविंद पासवान की पत्नी रीमा देवी (30) आग से झुलसने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बीती रात की है। रीमा देवी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मेदिनीनगर में इलाज के दौरान भी कोई सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर किया। रांची ले जाते समय रविवार को रास्ते में ही रीमा देवी की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया: कल्पना

**पाकुड़/गिरिडीह**। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल्पना सोरेन ने रविवार को पाकुड़ और डुमरी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया। भाजपा के बड़े-बड़े नेता प्रदेश में मंडरा रहे हैं। ये उनकी सत्ता से दूर रहने की बेचैनी का प्रतीक है। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में रही तो हजारों स्कूल बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया, 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर लोगों को अन्न के अधिकार से वंचित कर दिया। यहां के विकास का पैसा केंद्र सरकार के जरिये भाजपा शासित राज्यों को भेजकर झारखंड के लोगों के साथ अन्याय किया लेकिन महागठबंधन की सरकार ने लोगों को उनका अधिकार दिया, उत्कृष्ट विद्यालय शुरू कर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहें हैं। हमने आधी आबादी को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह राशि अब एक हजार से 2500 होने वाली है। कल्पना सोरेन ने कहा कि पहले चरण के मतदान में महिलाओं ने खुलकर भागीदारी निभाई है, जिससे यह साफ साबित होता है कि महागठबंधन सरकार की मंईयां सम्मान योजना और महिलाओं के लिए शुरू की गई योजनाओं के प्रति उनका विश्वास गहराया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि माता बहनों को जो हम सम्मान दे रहे हैं उसको लेकर भाजपा के लोगों ने न्यायालय में पीआईएल दर्ज किया था, जिसे कोर्ट के जिरये खारिज कर दिया। इससे उनके मुंह में जोरदार तमाचा लगा है। कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछड़ों को आरक्षण देने, 1932 आधारित स्थानीय नीति और आदिवासी सरना धर्म कोड को लागू करना चाहते हैं। हमने उसे पारित कर केंद्र सरकार को भेजा लेकिन केंद्र सरकार ने उसे दबा दिया।

# यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच का है: तेजस्वी यादव

**दुमका**। झामुमो के जामा विधानसभा प्रत्याशी डॉ लुईस मराण्डी के समर्थन में चुनावी सभा में बिहार के पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड चुनाव का नतीजा पूरे मुल्क को प्रभावित करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओ के बीच का है। एक तरफ तलवार बांटने वाले, नफरत फैलाने वाले, संविधान को नहीं मानने वाले है, तो दूसरी तरफ प्यार की बात करने वाले, भाईचारे रखने वाले, कलम बांटने वाले, संविधान व लोकतंत्र को बचाने की बात करने वाले, जमुरियत की बात करने वाले लोग है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी है। केवल झूठ फैलाना है और कोई काम नहीं करना है। हमलोग की महागठबंधन की पार्टी विकास और काम की बात करती है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में 45 रुपये पेट्रोल मिलते थे, गैस सिलेंडर 450 रुपये मिलते थे। अब पेट्रोल 100 रुपये पार हो चुके हैं, गैस सिलेंडर 1200 रुपये हो गए। यूपीए की सरकार में भाजपा वाले को मंहगाई डायन नजर आती थी, अब डायन



नहीं, महबूबा और भौजी नजर आ रही है। इससे पूर्व झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने अपने पक्ष में वोट का अपील करते हुए कहा कि जामा विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। खेती अच्छी होती है लेकिन सिंचाई का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि जीत के बाद हर खेत को पानी, हर हाथ को काम, युवाओं को रोजगार की सुविधा देंगे। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी सिर्फ समाज बांटने का काम करती है। अगड़ी-पिछड़ी, दलित-पिछड़ा, हिन्दू-मुस्लिम करते है। साथ ही कहा कि समाज को बांटने वाले से सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा वाले बंटोगे तो कटोंगे। इस मौक पर राज्यसभा सदस्य संजय यादव, राजद जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, वरुण यादव, सत्तार खान, बाबूल यादव, बुलेश यादव, रामसुंदर पंडित, प्रेम कुमार साह, दिलीप दत्ता, गौतम दर्वे आदि मौजूद थे।

# लातेहार में राहुल सिंह गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**लातेहार**। लातेहार में पिछले कुछ दिनों से आतंक मचाने वाले अपराधी संगठन राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पीयूष उरांव, बादल लोहरा, दीपक लोहरा और दिनेश कुमार शामिल हैं। सभी चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि एसपी कुमार गौरव को रविवार की सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के मैदान में कुछ अपराधियों के द्वारा किसी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम बनाई गई और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। पुलिस के आने की सूचना मिलने के बाद अपराधी वहां से भागने लगे। भाग रहे अपराधियों में चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व इन्हीं अपराधियों के द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर गोली चलाई गई थी। उन्होंने बताया कि फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस के जरिये छापेमारी की जा रही है ।




# लातेहार में महिला हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**लातेहार**। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में हुए चर्चित महिला हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपितों धनंजय पाठक और निशाल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों लातेहार के रहने वाले हैं। डीएसपी अरविंद कुमार ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गत 13 नवंबर को सदर थाना क्षेत्र के नवोदय स्कूल के पास एक घर में किराए पर रहने वाली महुआडांड़ निवासी महिला सलिमा तिग्गा की हत्या कर घर के कमरे में ही शव में आग लगा दी गयी थी। मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर लातेहार निवासी धनंजय पाठक और निशाल ठाकुर को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो दोनों ने महिला की हत्या का खुलासा किया। आरोपितों ने पूछताछ में पुलिस को




बताया कि दोनों का संबंध पिछले कई दिनों से महिला से था। कुछ दिनों से पैसे को लेकर विवाद भी हुआ था। दोनों 13 नवंबर को दोनों महिला के घर गए थे और एक साथ बैठकर शराब पी थी। साथ ही खाना भी खाया था। इसी बीच महिला और उन दोनों के बीच पैसे को लेकर विवाद होने लगा। इस पर दोनों ने महिला के सिर पर पत्थर से मार दिया। उन्हें जब लगा कि महिला की मौत हो गई है तो उन्होंने घर में रखे बिस्तर में शव को लपेटकर आग लगा दी थी। डीएसपी बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# रामगढ़ डीसी ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा, मतगणना कक्ष की देखी व्यवस्था



**रामगढ़**। झारखंड विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। इससे पूर्व 18 नवंबर की शाम 5:00 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा और 19 नवंबर को ईवीएम के साथ पोलिंग पार्टियों को बूथ के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इन सभी कार्यों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसके मद्देनजर डीसी चंदन कुमार ने रविवार को रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचे और वहां तैयारियों का जायजा लिया। 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए कक्ष भी अभी से ही बनाकर तैयार कर दिए गए हैं। इसका भी निरीक्षण डीसी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केंद्र तथा बज्रगृह लेकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र दीप्ति प्रियंका कुजूर, निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने महाविद्यालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लिया। साथ ही तैयारियां पूर्ण करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा पाई-पाई लौटा देंगे : हिमंता बिस्वा सरमा

**गोड्डा**। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आपकी जो पीड़ा है, वो भाजपा का कष्ट है। हम आपसे वादा करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सहारा में फंसा आपलोगों को पाई-पाई धन लौटा देंगे। सरमा रविवार को महगामा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन बोले थे कि जब लड़कियों की शादी होगी तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा। ये सोने का सिक्का कहां गया। ये सारा सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गए। उनके घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। सोने का सिक्का गरीब को नहीं मिला लेकिन आलमगीर आलम को मिला ताकि ये लोग वोट जिहाद कर सकें। सरमा ने कहा कि 20 तारीख को महगामा में चुनाव होने वाला है। 43 सीटों पर चुनाव हो चुका है। मैं कह सकता हूं कि भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य में आगे बढ़ी है। भाजपा को रोकने में कोई सफल नहीं होगा। सरमा ने कहा कि पिछली जनसभाओं में लोग मुझको आकर कह रहे थे जामताड़ा ,पाकुड़ और साहिबगंज में शुक्रवार को स्कूल बंद होते हैं। क्योंकि, लोगों



को नमाज पढ़ना होता है। शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए बंद होते हैं तो मंगलवार को भी हनुमान पूजा के लिए बंद होना चाहिए। इन लोगों के दिमाग में घुस गया है कि हमें एक ही पक्ष का वोट चाहिए। आपका वोट नहीं चाहिए। उनको उन्हीं लोगों का वोट चाहिए जो लोग शुक्रवार को स्कूल बंद करते हैं। सरमा ने कहा कि रामनवमी पर कोई जुलूस निकलना चाहता है तो पुलिस बाधा डालती है। गढ़वा में दुर्गा पूजा का विसर्जन करने नहीं देते। लोहरदगा में विसर्जन करने नहीं देते लेकिन मोहर्रम पर शोभा यात्रा होती है, जुलूस निकलते हैं। डंडा लेकर लोग घूमते हैं। हिंदू भाइयों को पीटा जाता है। पुलिस कुछ नहीं करती है।क्योंकि, इस झारखंड सरकार को खाली घुसपैठियों से प्यार है। हमारे साथ उनका कोई संबंध नहीं है। विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए रूम बना देते हैं। मुस्लिम विधायकों को नमाज पढ़ने के लिए अलग रूम चाहिए तो हिंदू भाईयों को हनुमान चालिसा पढ़ने के लिए अलग रूम नहीं चाहिए क्या। सरमा ने कहा कि संथाल परगना में 1951 में हिंदू 90 प्रतिशत थे लेकिन आज घटकर 67 प्रतिशत हो गए जबकि मुसलमान बढ़कर 31 प्रतिशत हुए। क्या ये देश का मुसलमान है या हमारे देश में घुसपैठिए आ चुके हैं। एनडीए उम्मीदवार आशोक कुमार को जिता दीजिए। घुसपैठियों को चुन-चुनकर हम बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज और हमारी संस्कृति पर झारखंड में खतरा में है। घुसपैठिया आते हैं और हमारी आदिवासी बेटियों को बरगलाकर जमीन हड़पने के लिए शादी करते हैं। मुखिया चुनाव लड़ने के लिए शादी करते हैं।

# चतरा में डैम में डूबने से किशोर की मौत



**चतरा**। हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव निवासी संतोष चंद्रवंशी के 12 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार की मौत रविवार को बागदुलवा डैम में डूबने से हो गई। परिजनों ने बताया कि वह अपने फुफेरा भाई के साथ डैम के पास खेल रहा था। खेलने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। फूफेरा भाई ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। जब तक उसे निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो गई। डैम से निकालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य के लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने घर का एकलौता पुत्र था।

# झारखंड में मजबूती से लड़ी जा रही हिन्दू अस्तित्व बचाने की लड़ाई : सीपी चौधरी

## रामगढ़ में कई स्थानों पर आजसू और भाजपा नेताओं ने की नुक्कड़ सभाएं

**रामगढ़**। रामगढ़ विधानसभा से आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी के लिए उनके पति सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने रामगढ़ शहर में दर्जनों स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं की और जनता से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने हिंदुत्व को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि हम हिंदुस्तान में रहते हैं और हिंदुत्व ही हमारी पहचान है। लेकिन झारखंड में आज इस अस्तित्व को बचाने के लिए मजबूती के साथ लड़ने की आवश्यकता है। यहां बांग्लादेशी घुसपैठिए पांव पसार रहे हैं। इसीलिए यहां एनडीए की सरकार जरूरी है। कांग्रेस और झामुमो की सरकार इन बांग्लादेशियों को




प्रश्रय दे रही है। संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या घट गई है। ऐसा लग रहा है कि झारखंड की डेमोग्राफी जल्द ही बदलने वाली है। अगर एनडीए की सरकार झारखंड में बनती है तो ना सिर्फ आदिवासी सुरक्षित रहेंगे, बल्कि बांग्लादेशियों को भी खदेड़ दिया जाएगा। विश्वकर्मा कल्याण समिति ने चंद्र प्रकाश चौधरी का स्वागत किया। शहर के लायंस क्लब भवन में रविवार को श्री श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अपना समर्थन आजसू पार्टी के उम्मीदवार को देने की घोषणा की। साथ ही सांसद के समक्ष विश्वकर्मा धर्मशाला निर्माण हेतु सहयोग की मांग रखी। चंद्र प्रकाश चौधरी ने यथासंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गणेश राणा, महिला समिति की अध्यक्ष देवंती देवी, रामचंद्र राणा, गोविंद प्रसाद, एसएन प्रसाद, प्रभु राणा, सुरेश राणा, त्रिवेणी राणा, महेश विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा, किशोरी राणा, डॉ रामाशीष राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

# जेपी नड्डा ने झारखंड के सिंदरी में इंडी गठबंधन पर किया प्रहार

**धनबाद**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को झारखंड के धनबाद के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाअड्डा स्थित कल्याणपुर सन्यासी मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए पूरे इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले पांच साल में रोजगार पर पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य को दोनों हाथों और परिवारवाद द्वारा लूटा गया, फर्जी राजनीति को महत्व दिया गया। हेमंत सोरेन की सरकार ने तुष्टीकरण के सहारे राज्य को बांट दिया। जो जनसैलाब मैने देखा है, उससे संकेत मिलता है कि झारखंड के लोगों ने 20 नवंबर को झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबकी आवाज



है- रोटी-बेटी-माटी करे पुकार, झारखंड में हो एनडीए की सरकार। नड्डा ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस-राजद इन तीनों में दो बात कॉमन है। तीनों ही भ्रष्टाचारी हैं। तीनों पार्टियां परिवारवादी हैं। तीनों ही पार्टियां आपस में फूट डालो और शासन करो की राजनीतिक करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी ओबीसी का नारा लगाते हैं लेकिन उन्हें सम्मान भाजपा और मोदी देते हैं। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम पीएम मोदी ने किया। हर दृष्टि से एससी, एसटी, पिछड़े आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम मोदी ने किया है। नड्डा ने पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में भारत दुनिया में 11वें नंबर से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। आज भारत को दुनिया एक शक्तिशाली देश के रूप में देख रहा है। मोदी ने झारखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। हमारे उम्मीदवार को जिताइए राज्य में 10 मेडिकल कॉलेज खोलेंगे। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए मोदी ने सिंदरी में बंद खाद कारखाने को हर्ल कब द्वारा पुनः शुरू कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि यदि हमारी सरकार बनी तो इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर करेंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि घुसपैठिये आदिवासी बच्चियों के जमीन के हकदार कभी नहीं बन पाएंगे। ये घुसपैठिये बांग्लादेश से आकर यहां के मदरसों में रुकते हैं और कागजात बनाने का उपाय यहां किया जाता है और फिर ये लोग अपना कांड करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जमीन घोटाला, खदान घोटाला के आरोपित हैं और बेल पर बाहर हैं। ये जातियों में बांटना चाहते हैं। सारा समाज एक हो जाओ। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### डाक मतपत्र का मतदान 95% पूर्ण, 18 नवम्बर तक रहेगा शत प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य
### होम वोटिंग तथा पोस्टल वोटिंग में पाकुड़ जिला का राज्य में प्रथम स्थान..

**पाकुड़** : विधानसभा आम चुनाव 2024 के कार्य में प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों और आवश्यक सेवाओं के मतदाता को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है।समाहरणालय परिसर में आवश्यक सेवाओं के कर्मियों, पदाधिकारियों के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है तथा अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए तीन मतदान केंद्र जिसमें धनुष पूजा मॉडल विद्यालय, राज +2 उच्च विद्यालय तथा पोलिटेकनिक महाविद्यालय संचालित है। डाक मतपत्र से मतदान की अंतिम तिथि दिनांक 18 नवम्बर 2024 तक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी डाक मतपत्र केंद्र का निरीक्षण किया तथा अब तक की 95% की उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी विभागों से मतदान के लिए छूटे हुए कर्मी को कल तक मतदान करने हेतु चिन्हित मतदान केंद्र पर मतदान करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें खुशी है कि सभी कर्मियों ने निर्भिक होकर इस महापर्व में अपने अधिकार का उपयोग किया है, उम्मीद है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी शत् प्रतिशत लोग इस महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे और पाकुड़ के लिए इतिहास रचेंगें।

### उड़नदस्ता टीम ने चेकपोस्ट पर की वाहन जांच

**महेशपुर** : विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 20 नवम्बर को महेशपुर विधानसभा सीट पर होने वाले मतदान को लेकर उड़नदस्ता टीम के दंडाधिकारी रिजवान फारुकी, एएसआई रद्दीपुर ओपी भोला राम तथा पुलिस बल के जवानों ने रद्दीपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट कदमडांगा में वाहनों की जांच की। इस संबंध में उड़नदस्ता टीम के दंडाधिकारी सह बीपीओ रिजवान फारुकी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने, 50 हजार रुपए से अधिक की राशि बिना समुचित कागजात के, शराब तथा संदिग्ध वस्तुओं की सघनता से जांच की जा रही है। ऐसी वस्तुएं पाए जाने पर जब्त करते हुए नियमानुसार कारवाई की जाएगी।




### निर्दलीय प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पाकुड़**: लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी रष्का हेंब्रम ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। क्षेत्र के धोपहारी, जिरली, डुमरिया, गंदो परता, संग्रामपुर आदि दर्जनों गांवों में बैठक पर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील वोटरों से की। इस दौरान निर्दलीय प्रत्याशी ने गांव के समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही जीत के बाद समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान काफी संख्या में रष्का हेंब्रम के समर्थक व ग्रामीण मौजूद थे।



### निर्दलीय प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पाकुड़**: लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी मुन्नी हांसदा ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर व अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के दर्जनों गांवों में बैठक पर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील वोटरों से की। इस दौरान निर्दलीय प्रत्याशी ने गांव के समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही जीत के बाद समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान काफी संख्या में मुन्नी हांसदा के समर्थक व ग्रामीण मौजूद थे। प्रत्याशी मुन्नी हांसदा ने गोपीकान्दर प्रखण्ड में भी जनसम्पर्क किया। लोगों से पानी का टंकी छपा में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर गांव से अब की बार जानता बदलाव की मूंड में है।



### मंडलकारा पाकुड़ में हुआ जेल अदालत का आयोजन

**पाकुड़** : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर रविवार को पाकुड़ मंडलकारा में जेल अदालत का आयोजन की गई। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी ने जेल अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही प्राधिकार से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी। बन्दी को उनके अधिकार व उनके हित से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।मौके पर न्यायिक पदाधिकारीगण समेत जेल के प्रशासनिक अधिकारी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।





### चतरा से आने वाले मतदान कर्मियों के आवासन स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण





**पाकुड़** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने चतरा जिला से आ रहे पोलिंग पार्टी को लेकर उनके लिए आवासन स्थल कशिला मॉडल विद्यालय तथा पोलीटेक्निक कालेज में बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया। सभी सुविधाएं बेहतर स्थिति में पाया तथा संबंधित कर्मियों को सतर्क रहकर निरंतर सुविधा बहाल सुनिश्चित करने क निर्देश दिया।

# आदर्श आचार संहिता एवं विधि-व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा दिया गया निर्देशित

**पाकुड़** : भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत "सौंप फॉर लास्ट 72 आवर" संबंधी दिए गये निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा निर्देशित किया गया है कि आदर्श आचार संहिता एवं विधि-व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में निम्नांकित बिन्दुओं पर अनुपालन अति आवश्यक है-

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व दिनांक-18.11.2024 के 05:00 बजे अपराह्न से मतदान के समाप्ति तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। मतदान दिवस (P-0) के दिन सभी मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में प्रचार-प्रसार करने एवं पार्टी का झण्डा/ बैनर, पोस्टर, का उपयोग नहीं किया जायेगा। मतदान दिवस (P-O) के दौरान मतदान केन्द्र के 100 मीटर में कर्त्तव्यरूढ़ अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य को सेलुलर फोन, मोबाईल, बेतार दूरभाष आदि ले जाना सख्त मनाही है। किसी भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / उम्मीदवार/ अभ्यर्थी का कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्र से 200 मीटर के भीतर नहीं रहेगा। मतदाता पर्चीयां में उम्मीदवार/ पार्टी के नाम / चिन्ह का प्रयोग नहीं किया जायेगा । मतदान दिवस (P-0) के दिन किसी उम्मीदवार/ उसके एजेंट द्वार मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक आने-जाने के लिए मुफ्त वाहन उपलब्ध कराना एक भष्ट आचरण है और इस पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी राजनैतिक दल, अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो । मतदान दिवस (P-0) के दिन चलचित्र, टेलीविजन या ऐसी अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी मतदान सम्बन्धी बात का संप्रदर्शन नहीं करेंगे, जिससे कि मतदाता की गोपनीयता भंग हो । प्रथम निर्वाचन दिवस के प्रारम्भ होने की अवधि से लेकर सभी चरणों के अंतिम मतदान तिथि तक मतदान सम्पन्न होने 30 मिनट पश्चात तक Opinion Poll and Exit Poll निषिद्ध है। मीडिया व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह के मतदान प्रक्रिया की तस्वीर को कैद नहीं करेंगे। जिला MCMC कोषांग के पूर्व अनुमति के बिना सभी चरणों में मतदान दिवस और मतदान पूर्व दिवस पर प्रिंट मीडिया में कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा। मतदान समाप्ति के 72 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक की अवधि में उपरोक्त बिन्दुओं का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।




### विधानसभा चुनाव को लेकर मालपहाड़ी ओपी पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश




**पाकुड़**: विधानसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकुड़ मालपहाड़ी थाना के पुलिस की तरफ से फ्लैग मार्च निकला गया । रविवार को पाकुड़ मालपहाड़ी थाना प्रभारी अंशु कुमार उपाध्याय के अगुवाई में पत्थरघट्टा ,नासिपुर काबिलपुर, ओटोगली सीतापहाडी मे फ्लैग मार्च निकाला। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन व स्थानीय पुलिस पूरी तरह सजगता के साथ कार्य कर रही है। इसके तहत लोगों को निर्भीक होकर स्वेच्छानुसार बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए कहा जा रहा है। चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए आम जनता को अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वही सीएपीएफ जवानों के साथ बूथ का निरीक्षण भी किया गया।





# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलांतर्गत 114 विशेष बूथ किये चिन्हित

## जिला के 56 बूथ पर्दानशी, 54 बूथ महिला विशेष, 3 यूनिक/पहाड़िया बुथ एवं 1 यंग बूथ को बनाया विशेष, रहेगा आकर्षक एवं खास इंतजाम...

**पाकुड़** : वोट देने के लिए बुर्का, घूंघट में आने वाली महिला मतदाताओं के लिए पर्दानशीं मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पाकुड़ जिले की तीन विधानसभा सीटों पर होने वाले मतदान के लिए इस बार कुल 1014 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 56 बूथ पर्दानशीं एवं 54 महिला बूथ हैं। कुल 56 पर्दानशीं मतदान केंद्रों में लिट्टीपाड़ा में 78,84, 96 तीन मतदान केंद्र, हिरणपुर में 109, 110, 112, 113, 114,119,120,153 आठ मतदान केंद्र, पाकुड़ में 173, 174, 190, 193, 212, 215, 244, 262, 263, 287, 288, 291, 292, 299, 328, 329, 330, 331, 332, 334, 340, 341, 342, 343 चौबीस मतदान केंद्र, महेशपुर में 35, 68, 70, 71,91,92, 95, 96, 115, 121, 139, 150,157,166, 167, 168, 171,172,179 उन्नीस मतदान केंद्र, पाकुड़िया में 240, 241 दो मतदान केंद्र है।




**54 महिला बूथ इस प्रकार है:** कुल 54 महिला मतदान केंद्रों में लिट्टीपाड़ा में 66, 65, 76, 77, 82, 83, 95, सात मतदान केंद्र, हिरणपुर में 124, 125, 148,149,170,171, छः मतदान केंद्र, अमड़ापाड़ा में 197, 198, 199, 200, चार मतदान केंद्र, पाकुड़ में 240, 241, दो मतदान केंद्र, नगर परिषद पाकुड़ में 398, 399, 400, 402, 409, 415, 416, 417, 418,419,423, 424, 430, 431, 432, 433, 434, सतरह मतदान केंद्र, महेशपुर में 51, 52, 53, 54, 74, 77, 79, 80, 81, 82, 87, 89, बारह मतदान केंद्र, पाकुड़िया में 243, 245, 251, 280, 281, 282, छः मतदान केंद्र है।

**3 यूनिक/पहाड़िया बूथ एवं 1 यंग बूथ बनाए गए हैं:** लिट्टीपाड़ा में एक, मतदान केंद्र 64, पाकुड़ में एक, मतदान केंद्र संख्या 213, महेशपुर में एक, मतदान केंद्र संख्या 17 है। यंग बूथ के रूप में बुथ संख्या 283, पाकुड़िया है। इन बुथों पर रहेगा खास इंतजाम तथा दिखेंगे आकर्षक। इसे सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने संबंधित सभी बीडीओ को निर्देश दिये हैं।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन


**लिट्टीपाड़ा** : स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुंजबोना पंचायत में किया गया। इस दौरान जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प भी लिया। बताया कि यह कार्यक्रम विधानसभा आम चुनाव के अन्तर्गत आमजन को चुनाव के बारे में जागरूक करने एवं चुनाव गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैराथन का शुभारंभ कुंजबोना चौक से शिवलांग तक किया गया। मैराथन दौड़ करवाकर सभी खिलाड़ियों के माध्यम से आगामी विधानसभा आम चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मैराथन दौड़ में ये रहे विजेता : मैराथन दौड़ में पाकुड़िया के टोनाई मुर्मू प्रथम, लिट्टीपाड़ा के संतोष मुर्मू द्वितीय, महेशपुर नरेश मरांडी तृतीय, अमड़ापाड़ा के लखन हेम्ब्रम चतुर्थ एवं महेशपुर के समिति यादव पंचम स्थल हासिल किया है। मैराथन दौड़ में विजेता खिलाड़ियों को पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ सह ओलंपिक संघ के सचिव रणवीर सिंह व प्रकाश रावत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार, प्रशिक्षक अक्षय बावरी, प्रशिक्षक नारायण चंद्र राय, भैरव मुर्मू, अंकिता कुमारी, मनोज पहाड़ियां, चंदू पहाड़िया, कुणाल सिंह, प्रशांत कुमार पासवान मौजूद थे।








### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न होटलों व लॉजों आदि में तलाशी सह छापामारी अभियान चलाया गया





**पाकुड़** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डी एन आजाद द्वारा जिले के विभिन्न होटलों व लॉजों आदि में तलाशी सह छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान होटल संचालकों को आवश्यक निर्देश देते हुए बाहर से आने वाले लोगों को बिना पहचान पत्र के कमरा नहीं देने की बात कही। बताया गया कि विधानसभा चुनाव के दौरान संदिग्ध लोग भी जिले में आ सकते हैं। ऐसे में होटल मालिकों को सावधान रहना है। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं देना है। होटल में आने-जाने वालों का पूरा विवरण रजिस्टर में प्रतिदिन अंकित करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कानूनी कार्रवाई होगी।



# जेएमएम प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को जिताने को लेकर कार्यकर्ता ने अमड़ापाड़ा बाजार में निकला जुलूस

**अमड़ापाड़ा** : लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अमड़ापाड़ा बाजार में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा बाजार के मुख्य मोड पर जुलूस निकालकर नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन , एवं लोगो से अपील किये कि इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रत्याशी बदल दिए हैं और इस क्षेत्र से हेमलाल मुर्मू को चुनावी मैदान में उतार दिए हैं पहले के जैसे इस बार भी भारी से भारी मतों से विजय बनाएगे और दोबारा हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनायेंगे, गरीबों का मसीहा हेमंत सोरेन ने लॉकडाउन के समय बाहर में फंसे लोगों को हवाई जहाज से लाने का काम किया है । जबकि हवाई चप्पल पहनने का किस्मत भी नहीं होता था वैसा व्यक्ति को हेमंत सोरेन के द्वारा हवा जहाज से लाकर अपना घर पहुंचा दिए , इसके बाद 200 यूनिट का बिजली माफ कर दिए हैं किसानों का लॉन 3 लाख तक माफ कर दिए । और उससे अच्छा मैया सम्मान निधि से पूरे झारखंड के महिलाओं के लिए एक योजना बनाएं और हर माह 1000 कर दे रहे हैं इससे पहले बीजेपी सरकार ने 18 सालों तक झारखंड में राज किये थे लेकिन उस समय ऐसा काम नहीं किया गया है । इसलिए झारखंड को विकास करने के लिए एकमात्र पार्टी बने हैं वह झारखंड मुक्ति मोर्चा है, इस सभा पर उपस्थित थे प्रखंड अध्यक्ष कॉर्नेलियुस हेंब्रम प्रखंड सचिव जहीरूदीन मियां प्रखंड संगठन सचिव बेंजामिन मरांडी सक्रिय कार्यकर्ता मन्टु भगत, मनोज भगत नारायण भगत अली हुसैन ,रंजीत पंडित और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे और ग्रामीण भी हजारों की संख्या में उपस्थित होकर अपना योगदान दिए .





# नाव के भरोसे 10 पंचायतों की 50 हजार आबादी : पूर्णिया में कनकई नदी पर 13 सालों में नहीं बना पुल



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के अमौर प्रखंड से कनकई नदी पर साल 2011 में करोड़ों की लागत से 11 स्पेन वाले पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। 2017 में पुल बनकर तैयार भी हो गया, लेकिन एप्रोच पथ नहीं बन सका। इसी साल नदी में बाढ़ आई और कनकई नदी ने रास्ता ही बदल दिया। इसके बाद से स्पेन खड़ा है, लेकिन पुल का काम पूरा नहीं किया गया। स्थिति यह है कि 10 पंचायतों के करीब 50 हजार आबादी नाव से रोजाना सफर करने के लिए मजबूर हैं। मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस सेवा भी नहीं मिल पाती है। इसकी वजह नदी है। मरीज को नाव से नदी पार करने के बाद ही एंबुलेंस उपलब्ध होता है।

स्कूली बच्चे हो या फिर कॉलेज के स्टूडेंट्स। सभी को स्कूल-कॉलेज जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। 6 महीने पहले की बात है, जब एक बीपीएससी पास शिक्षिका नाव से उतरते समय नदी में बहने लगी थी। इसके बाद दूसरे शिक्षकों ने जान पर खेलकर बचाया था। ग्रामीण मोहम्मद सलमान कहते हैं, जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर अमौर प्रखंड है। इस प्रखंड को कनकई नदी ने दो हिस्सों में बांट रखा है। एक हिस्से में 10 पंचायत है। इसमें खाड़ीमहीन गांव, हफनिया ताराबाड़ी, सिरसी, खपड़ा, नंदनीया, मजोक, कंजिया, तालबाड़ी जैसे पंचायत शामिल हैं। इसकी आबादी 50 हजार है, जो रोजना नाव के भरोसे हैं।

### प्रेग्नेंट महिलाओं को गंवानी पड़ती है जान

गांव में किसी पेशेंट की हालत गंभीर होने पर भी नाव पर ही ले जाना पड़ता है। नदी पार करने के बाद एंबुलेंस मिलता है। इन पंचायतों की प्रेग्नेंट महिलाओं को जान गंवानी पड़ती है। अचानक प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता को घर से नाव तक लाया जाता है। नाविक नहीं है तो बुलाना पड़ता है। इस स्थिति में काफी देर हो जाती है। इससे नदी के बीच लहरों में नाव पर ही दम तोड़ देती है या फिर अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में।

### आज तक नहीं बना एप्रोच रोड

सलमान ने बताया, साल 2011 में पुल बनाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन एप्रोच पथ के अभाव में पुल चालू नहीं हो सका। 13 साल बाद भी पुल का काम अधूरा लटका हुआ है। इस स्थिति में बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी नाव की जरूरत पड़ती है।

### नाविक सफर के बदले लेते हैं धान

नाव पर एक समय में 15 बाइक सवार और साइकिल सवार को चढ़ाते हैं। वहीं 50 लोग नाव पर सफर होते हैं। इसके बदले नाविक ग्रामीणों से 10 से 15 किलो धान लेते हैं। गाड़ी के लिए 20 रुपए चार्ज करते हैं। कभी-कभी आने जाने वालों से 20 रुपए भाड़ा के रूप में वसूल करते हैं। जब आधी रात किसी मरीज की तबीयत बिगड़ जाती है। इस स्थिति में नाव चलाने के लिए स्थानीय पुलिस की अनुमति लेनी पड़ती है। प्राइवेट शिक्षक मोहम्मद तबरेज कहते हैं कि हमे अपने विद्यालयों तक पहुंचने के लिए 2 घंटे पहले घर से निकलना पड़ता है। नाव फूल नहीं होता, तब तक नाव खुलती नहीं है।

### नाव से पहुंचते हैं खाड़ी बसौल गांव

आधे घंटे नाव में बैठने के बाद खाड़ी बसौल गांव लोग पहुंचते हैं। यहीं से बाकी पंचायतों और प्रखंड मुख्यालय जाते हैं। इसके लिए उन्हें आने और जाने के लिए 20 रुपए नाविक को देने होते हैं। शिक्षक कहते हैं, एक दिन में महज नाव की सवारी के लिए 40 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। घर तक पहुंचने के लिए ऑटो या फिर टोटो का किराया अलग देना होता है।

### 2 साल पहले नाव भी पलट चुकी है

छात्र मोहम्मद रियाज कहते हैं, रोजाना नाव से मौत का सफर तय करते है। वहीं जब-तक नाव का सफर पूरा नहीं हो जाता, तब तक जान का खतरा सताते रहता है। बाढ़ के दिनों में ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। 2 साल पहले कनकई नदी की तेज धार के कारण नाव पटल गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिठाई और नाश्ते की दुकान में चोरी

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंगारी मोड़ पर एक मिठाई और नाश्ते की दुकान में चोरी हो गई। घटना शुक्रवार देर रात की है। दुकानदार महेश साह ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसमें शक के आधार पर एक व्यक्ति छोटू तांती को नामजद आरोपी बनाया गया है। उसने पुलिस को बताया कि घटना की रात आसपास के लोगों ने उसे दुकान के पास घूमते हुए देखा था। दुकान से 50 हजार रुपये नगद और अन्य समान गायब है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### तुलसीपुर गोलीकांड मामले में पांच पर केस

**भागलपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में गोली मारकर एक युवक को शुक्रवार की देर शाम घायल करने के मामले में शनिवार को खरीक थाने में केस दर्ज किया गया। केस घायल छोटू साह के चचेरे भाई संजय साह के बयान पर दर्ज किया गया। जिसमें नीतीश मंडल समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घायल छोटू का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि शीघ्र ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### सक्षमता परीक्षा तृतीय ऑनलाइन मोड में 26 से 31 दिसंबर तक

**पटना, एजेंसी।** सक्षमता परीक्षा द्वितीय के रिजल्ट के दौरान ही सक्षमता परीक्षा तृतीय की तिथि की घोषणा भी शनिवार को परीक्षा समिति कार्यालय में समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने रिजल्ट जारी करने के दौरान की। उन्होंने बताया कि अभी ऑफलाइन मोड में परीक्षा नहीं होगी। 26 से 31 दिसंबर तक परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी, जब तक कि शिक्षा विभाग से ऑफलाइन परीक्षा का कोई निर्देश नहीं आ जाता है। इसके अतिरिक्त परीक्षा में पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। हालांकि सक्षमता परीक्षा द्वितीय के वैसे छात्र जो अपने जिला आवंटन से खुश नहीं होंगे और इंप्रूवमेंट चाहते हैं यानी जिला बदलवाना चाहते हैं तो वे दोबारा परीक्षा देंगे या नहीं इस संबंध में भी निर्णय शिक्षा विभाग के अधीन है। 26 नवंबर से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन होगा शुरू : सक्षमता परीक्षा तृतीय के लिए 26 नवंबर से आठ दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना होगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा जिले के शिक्षक अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन 10 दिसबर तक अग्रसारित करना होगा। सक्षमता परीक्षा तृतीय का मूल प्रवेश पत्र 19 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

### नयाटोला से बच्चे के साथ महिला गायब

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नयाटोला मोहल्ले से एक बच्चे के साथ महिला बीते 14 नवंबर से गायब है। ससुर ने काजी मोहम्मदपुर थाने में बहू व पोते के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। इसमें एक महिला व एक युवक पर बहू व पोते को गायब करने का आरोप लगाया गया है।

# सोनपुर मेले में पहुंचा बीयर पीने वाला भैंसा: कीमत 2 करोड़

## मालिक बोला- इसे सिर्फ बाहुबली अनंत सिंह ही खरीद सकते हैं



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** बिहार के सोनपुर मेले में दो करोड़ पांच लाख रुपए का मुर्रा नस्ल का भैंसा आया है। इसे बनारस से एक किसान लेकर पहुंचा है। भैंसा का नाम राजा है। इसकी उम्र तीन साल है। यह भैंसा मेले में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खास बात ये है कि यह भैंसा रोज दो बोतल बीयर पीता है, लेकिन शराबबंदी की वजह से उसे बीयर नहीं मिल रही। भैंसा के मालिक का कहना है कि बीयर न मिलने से भैंसे की चमक फीकी पड़ गई है। साथ ही वह थोड़ा सुस्त भी दिख रहा है। वहीं, मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने इस भैंसे के मालिक रामजतन यादव से वीडियो कॉल पर बातचीत की और राजा नामक भैंसा को देखा। अनंत सिंह ने कहा कि वो भैंसे को देखने कल यानी रविवार को आएंगे।

भैंसा के मालिक ने कहा, अनंत सिंह यहां छोटे सरकार के नाम से फेमस हैं। बड़े आदमी हैं। उनके अलावा ये भैंस कोई दूसरा व्यक्ति नहीं खरीद सकता है। इसकी कीमत करोड़ों में है। अगर अनंत सिंह इस भैंसा को नहीं खरीदे तो वापस ले जाना पड़ेगा। उसने बताया, अनंत सिंह के करीबी किसान अनिल सिंह सोनपुर मेले में भैंस खरीदने आए थे। उन्होंने ही अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बात करवाई।

### भैंसा 2 करोड़ तो भैंस की कीमत 3 से 5 लाख

भैंसा के मालिक ने बताया, मेरे पास बनारस में भैंसों का खटाल है। 200 से अधिक भैंस है। यह भैंसा मुर्रा नस्ल का है। मुर्रा नस्ल का भैंसा हरियाणा और पंजाब में ज्यादा मिलता है। इस साल पहली बार सोनपुर मेले में दो भैंस और एक भैंसा लेकर आए हैं। दोनों भैंसें 24 लीटर और 20 लीटर दूध देती है। रामजतन के मुताबिक, इनमें से एक भैंस की कीमत 5 लाख रुपए तो दूसरे की 3 लाख रुपए है।

## यूजीसी : यूजी की 3 वर्षीय पढ़ाई 2.5 और 4 वर्षीय 3 साल में पूरा करने का ऑप्शन

**पटना, एजेंसी।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों को अपने स्नातक स्तरीय कोर्स को तय समय से पहले पूरा करने की अनुमति प्रदान करने जा रहा है। नई योजना के मुताबिक 3 साल के स्नातक (डिग्री) कोर्स को 2.5 साल में पूरा कर सकेंगे। वहीं 4 साल के कोर्स को 3 साल में पूरा करने का ऑप्शन मिलेगा। इतना ही नहीं तीन वर्षीय स्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्रों को एक साल बढ़ाने का विकल्प भी मिलेगा। बताते चलें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम को अपग्रेड किया गया था। इसके तहत तीन वर्षीय स्नातक स्तरीय कोर्स को चार वर्षीय किया गया था।

अब नई योजना से छात्रों को समय से पहले पढ़ाई पूरा करने का अवसर छात्रों को मिलेंगे। खासकर वैसे छात्र जो जल्दी सीखने और समझने की क्षमता रखते हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। अगर कोई छात्र छह महीने या एक साल पहले अपनी डिग्री खत्म करना चाहता है तो वह ऐसा कर सकेगा। डिग्री कोर्स में कई एंट्री और एक्जिट पॉइंट का प्रावधान किया गया है। बताते चलें कि पटना यूनिवर्सिटी समेत राज्य के सभी स्टेट यूनिवर्सिटीज में भी एनईपी-2020 के अनुसार स्नातक की पढ़ाई हो रही है। चार वर्षीय स्नातक की पढ़ाई पूरा करने वाले छात्र सिर्फ एक साल में पीजी की पढ़ाई पूरा कर सकेंगे। इसलिए किया जा रहा है बदलाव एनईपी सिलेबस पर नजर रख रहे शिक्षकों का मानना है कि अगले शैक्षणिक सत्र से होने वाले बदलाव से मेधावी छात्रों को समय बचत होगी। क्योंकि नई व्यवस्था में स्टूडेंट्स को तय समय से एक साल पढ़ाई पूरा करने का अवसर मिलेंगे। बताते चलें कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि के नेतृत्व वाली कमेटी द्वारा यह सिफारिश की गई है।

## 5 बार चालान कटा तो डीएल सस्पेंड, 20 बार में रद्द: पटना के 5 हजार 691चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड होगा

**पटना, एजेंसी।** ट्रैफिक पुलिस ने नया फरमान जारी किया है। अगर आपका चालान 5 बार या उससे अधिक कटता है तो आपके ड्राइविंग लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया जाएगा। अगर चालान 20 बार या उससे अधिक कटता है तो आपके ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द कर दिया जाएगा। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि हम लोगों ने छह महीने के चालान की समीक्षा की है। इस दौरान पाया गया कि 5691 वाहन चालक ऐसे हैं जिनका कम से कम पांच बार चालान कटा है। ऐसे चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया जाएगा। वहीं, 133 ऐसे वाहन चालक हैं जिनका चालान 20 बार कटा है। ऐसे चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इसका प्रस्ताव पटना ट्रैफिक पुलिस ने जिले के डीटीओ को भेज दिया है। हमारा मकसद सिर्फ आर्थिक दंड लगाना नहीं है। हम चाहते हैं कि लोग यातायात के नियमों का पालन करें। जिससे आप भी सुरक्षित रहें और अन्य लोग भी सुरक्षित रहें। इधर, डीटीओ उपेंद्र पाल ने कहा कि प्रस्ताव के अनुसार नियम के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोपी पर कार्रवाई भी होगी।

**यूपीआई से अब तक फाइन जमा करने की सुविधा नहीं :** चालान जमा करने के लिए रोज ट्रैफिक एसपी के कार्यालय में भीड़ लगती है। ऑनलाइन चालान जमा करने की सुविधा तो है लेकिन इसके बाद भी परेशानी बरकरार है। परिवहन विभाग ने एसबीआई, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, पीएनबी और केनरा बैंक से फाइन जमा करने की सुविधा दी है। पटना ट्रैफिक पुलिस ने कहा था कि जल्द ही यूपीआई से भी चालान जमा करने की सुविधा शुरू की जाएगी। लेकिन लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पाई है।



# 1 यूनिट बिजली खर्च करें या 500, देना होगा एक रेट:बिहार में वन टैरिफ प्लान की तैयारी में कंपनी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में बिजली दर का स्लैब खत्म होगा। आप कम बिजली का इस्तेमाल करें या ज्यादा। बिजली की दर प्रति यूनिट एक ही होगी। बिहार सरकार राज्य में वन टैरिफ प्लान लागू करने जा रही है। इसके बाद उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2.20 से 4.25 रुपए तक लग सकता है। वन टैरिफ का सीधा मतलब है कि आप एक यूनिट बिजली उपभोग करें या पांच सौ यूनिट। बिजली के प्रति यूनिट का दर एक ही रहेगा। पूरे बिहार को सिर्फ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बांटा जाएगा। शहरी क्षेत्र के कंज्यूमर को 4.25 रुपए तो ग्रामीण इलाकों में 2.20 के दर से बिजली मिल सकती है।

## फिलहाल दो स्लैब सिस्टम में अलग-अलग दर

### बिहार सरकार ने आयोग के पास भेजा प्रस्ताव

बिहार विद्युत विनियामक आयोग की हरी झंडी के बाद यह लागू होगा। राज्य सरकार ने आयोग के पास प्रस्ताव भेज दिया है। आयोग की सहमति के बाद इसे 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा। शुक्रवार को बिजली कंपनियों ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग को स्लैब खत्म करने का प्रस्ताव सौंपा है। कंपनी ने पहली बार बिजली दर में कोई वृद्धि नहीं करने का भी प्रस्ताव दिया है। बिजली दर के इजाफे की बजाय बिजली कंपनी ने वन स्लैब प्लान की ओर रुख किया है। इस मामले को लेकर बिहार विद्युत विनियामक जन सुनवाई में वन टैरिफ प्लान को रखेगा। आम लोगों से राय ली जाएगी। इसके बाद हरी झंडी दी जाएगी।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए फिलहाल दो स्लैब

उपभोक्ता के लिए दो स्लैब का दर तय है। यह यूनिट पर निर्धारित किया गया है। ग्रामीण इलाकों में 1 से 50 यूनिट का पहला टैरिफ है। इसके बाद 50 यूनिट से ऊपर के लिए दूसरा टैरिफ। वहीं, अर्बन के लिए 1 से 100 यूनिट का प्रथम स्लैब है। जबकि, 100 यूनिट से ऊपर के लिए दूसरा स्लैब। बिजली कंपनियों के मुताबिक बिहार में प्रीपेड मीटर की संख्या काफी हो गई है। हर घर में प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। शहरी इलाकों में प्रीपेड मीटर कंज्यूमर की संख्या 54 लाख से अधिक है। इस वजह से वन प्लान, वन स्टेट (वन टैरिफ प्लान) करने का विचार आया।

### अधिक यूनिट कंज्यूम करने वाले को फायदा

इधर, बिजली कंपनी से जुड़े एक पूर्व अधिकारी ने बताया कि नए प्लान से अधिक यूनिट कंज्यूम करने वाले उपभोक्ता को अधिक फायदा होगा। फिलहाल, शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता को 1 से 100 यूनिट के बीच खपत होने पर 4.12 रुपए प्रति यूनिट तो 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर 5.52 रुपए प्रति यूनिट देना पड़ रहा है। वन स्लैब लागू होने के बाद प्रति यूनिट कीमत कम हो जाएगी। उपभोक्ता को बिजली खपत में कम पैसे देने पड़ेंगे। दरअसल, बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर तेजी से लग रहे हैं। 54 लाख से भी ज्यादा घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। ऐसे में अलग-अलग स्लैब का कोई मतलब नहीं है। इसलिए, कंपनी ने इसे खत्म करने का फैसला किया है। बिजली कंपनी का कहना है कि इससे बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

## चेन छीनते धराया कोढ़ा गिरोह का शातिर, भीड़ ने पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीबीगंज विषहर स्थान के पास शनिवार शाम महिला के गले से सोनी की चेन छीनकर भाग रहे कोढ़ा गिरोह के बाइक सवार दो बदमाशों में से एक को भीड़ ने दबोच लिया। भीड़ ने उसे सड़क पर दौड़ा-दौड़कर पीटा। वहीं, दूसरा बदमाश पिस्टल लहराते हुए भीड़ को डरा फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश लखन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसका सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। वह कटिहार जिले के कोढ़ा का रहने वाला है। फरार हुए शातिर कोढ़ा के अक्षय कुमार को दबोचने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया गया कि दोनों बदमाशों ने इससे पहले दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रामदयालुनगर में चेन छिनतई की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने इलाके एक निजी स्कूल वाली गली में बच्चे को लेने पहुंची रामदयालु मलंगस्थान मोहल्ला निवासी इंजीनियर की पत्नी सोनी कुमारी के गले से सोने की चेन छीन ली थी। सोनी ने पुलिस को बताया कि वह बच्चे को स्कूल से लेने के लिए स्कूटी से पहुंची थी। स्कूटी पार्क कर रही थी तभी बाइक सवार दोनों बदमाश पहुंचे। एक ने पूछा यह गली कहां निकलेगी। वह बता ही रही थी तभी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उसके गले से चेन झपट ली। एक भर की सोना की चेन में हीरे का लॉकेट जड़ा था। सोनी शोर मचाते हुए पीछे दौड़ी, लेकिन दोनों बदमाश फरार हो गए।

### सोनी ने भी बदमाश की पहचान की

बीबीगंज में बदमाश के पकड़े जाने की सूचना पर सोनी कुमारी भी रामदयालु से सदर थाने पहुंची। उन्होंने बरामद बाइक और धराए बदमाश की पहचान की। बताया कि इसी बदमाश ने उसके गले से चेन छीनी थी। जब्त बाइक भी वही है। पुलिस ने बताया कि बाइक पर गलत नंबर प्लेट लगाकर दोनों बदमाश वारदात करने निकले थे। एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा का कहना है कि सदर थाना इलाके में महिलाओं से चेन छिनतई की वारदात को लगातार अंजाम दे रहे कोढ़ा गिरोह के एक शातिर को पकड़ा गया है। उसकी बाइक भी बरामद हुई है। फरार दूसरे बदमाश को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। धराए शातिर से पूछताछ में कई घटनाओं का खुलासा हुआ है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रचंड जीत से दुनिया की सेहत पर क्या बड़ा फर्क पड़ने वाला है?

इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रंप ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले कोई अमेरिकी नेता नहीं कर सका था। ट्रंप चार साल व्हाइट हाउस से बाहर रहे। तमाम मुकदमे झेले, कोर्टों के चक्कर लगाये, चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर गोली झेली। हम आपको याद दिला दें कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में जानलेवा हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे। उस समय गोली उनके कान को छूकर निकल गयी थी लेकिन अमेरिका को महान बनाने का संकल्प लेकर ट्रंप ने लोगों का समर्थन मांगा और उन्हें भरपूर समर्थन मिल भी गया। ट्रंप पिछला चुनाव करीबी मुकाबले में हार गये थे लेकिन इस बार उन्होंने अच्छे अंतर से चुनाव जीत कर साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास उनके साथ है। ट्रंप के रहते आतंकवादी और उनके आका अपने बिल से बाहर निकलने का साहस नहीं जुटा पाते थे लेकिन पिछले चार सालों में दुनिया में आतंक बढ़ा और अमेरिका के समक्ष भी तमाम नई चुनौतियां खड़ी हुईं। उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी। इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती। दुनिया के लिए क्या होंगे ट्रंप की जीत के मायने, अगर इस पर बात करें तो आपको बता दें कि अब मध्य-पूर्व में जारी जंग और यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म होने के आसार बढ़ सकते हैं क्योंकि ट्रंप ने जीत के बाद भी कहा है कि वह युद्ध नहीं चाहते। इसके अलावा, विदेश से सभी सामानों के आयात पर 20 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान चेतावनी दी थी कि चीन पर 60 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि यह इससे ज्यादा भी हो सकता है। इन कदमों से मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही ऐसे कदमों से प्रतिशोध, व्यापार युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था तहस-नहस होने का भी अंदेशा है। इसके अलावा, अब यह भी देखना होगा कि मित्र देशों को शत्रु देशों से बचाने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का क्या होता है। हम आपको बता दें कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य होने के नाते इसके अन्य सदस्यों की मदद के लिए आगे आना अमेरिका का दायित्व है। नाटो के अनुच्छेद पांच के अनुसार यदि कोई देश किसी नाटो सदस्य पर हमला करता है तो वह सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है। अमेरिका ने जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी ऐसी ही संधियां कर रखी हैं। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो ने रूस से जारी युद्ध में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके विपरीत ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन को दी जा रही मदद रोक देंगे और कीव पर दबाव बनाएंगे कि वह रूस की शर्तों के अनुसार शांति प्रक्रिया अपनाए। ट्रंप बड़े-बड़े संगठनों को ताकत व प्रभाव दिखाने के मंच के रूप में देखने की बजाय खतरे की वजह और बोझ मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका को बाहर कर लिया था। इस तरह की रिपोर्टें हाल में देखने को मिली हैं कि अमेरिका के कई पूर्व अधिकारियों को संदेह है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को नाटो से निकालने की कोशिश करेंगे या समर्थन कम करके नाटो की प्रभावशीलता को कमतर कर देंगे। वहीं एशिया महाद्वीप की बात की जाए तो ट्रंप ने हाल में कहा था कि ताइवान को अमेरिका की ओर से मिल रही सुरक्षा के लिए भुगतान करना चाहिए। ट्रंप की इस टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि ताइवान की रक्षा के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता कमजोर हो सकती है।

## भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था। भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग

> *50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है।*

2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है। भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है। एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है। उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें।

## कहीं सियासी रूप तो नहीं लेता जा रहा है प्रयागराज का छात्र आंदोलन

(अजय कुमार)

अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की। मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे थे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा था कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं। लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में मानकीकरण (नॉर्मलाइजेशन) को लेकर छात्र जो आंदोलन कर रहे हैं,वह कहीं राजनैतिक रूप तो नहीं लेता जा रहा है। विपक्ष छात्रों के गुस्से को योगी सरकार के खिलाफ सियासी हथियार तो नहीं बना रहा है। ऐसा इस लिये लग रहा है क्योंकि छात्रों की जो मांगे हैं वह तर्कसंगत कम जिद्द वाली ज्यादा हैं। इतना ही नहीं छात्रों के प्रदर्शन में वह ताकतें भी नजर आ रही है जो किसी तरह से छात्र-छात्राएं नजर नहीं आ रहे हैं। विपक्ष भले योगी सरकार के खिलाफ इसको सियासी मोहरा बना रहा हो, लेकिन इस आंदोलन को लेकर शिक्षाविदों की राय अलग है।कई शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी तरह के विरोध में से पहले छात्रों को प्रक्रिया को समझना जरूरी है। विरोध में सीधे सड़क पर उतर आना ठीक नहीं है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक रहे प्रो. योगेश्वर तिवारी का कहना है कि आंदोलित छात्रों को मानकीकरण की प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के उपरांत ही कोई निर्णय लेना चाहिए। शिक्षाविद और काउंसलर डॉ. अपूर्वा भार्गव का कहना है कि मानकीकरण की प्रक्रिया का विरोध अगर इस आधार पर किया जा रहा है कि सरल और कठिन प्रश्नों के पूछे जाने से समान लाभ सबको नहीं मिलेगा तो यह उचित नहीं है। प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता हमेशा से रही है, ताकि इस सेवा के योग्य अभ्यर्थियों को इसमें स्थान मिल सके। मानकीकरण की प्रक्रिया भी इसी परीक्षा में गुणात्मक सुधार का एक प्रयास है। पहले से कई राज्यों में यह प्रणाली अमल में लाई जा रही है, इस आधार पर भी इसे लागू करने का विरोध समझ से परे है। उधर, आयोग के बाहर चल रहे प्रदर्शन के दौरान सरकारी बैरियर व कोचिंग का बोर्ड तोड़ने पर 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से दो नामजद अभिषेक शुक्ला और राघवेन्द्र व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। उधर, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर 10 को हिरासत में लिया गया है, जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है। जबकि आज तीसरे दिन भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। वे मांग कर रहे हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाएं एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाएं। इससे पहले, प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की। मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे थे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा था कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं। नियम कानून से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि आयोग के सामने से उठें और उनके साथ सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर चलें, क्योंकि इससे रास्ता बंद हो गया है और आम लोगों को दिक्कत तो रही है,लेकिन छात्र अपनी जिद्द पर अड़े हुए हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5555

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5554

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 5555

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | | 7 | | | 8 | ■ |
| ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ | 10 | 11 |
| ■ | 12 | | | ■ | 13 | | |
| 14 | | | ■ | 15 | | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | ■ | | ■ | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| 22 | | ■ | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 22 जून 1906 को इस देश ने अपना ध्वज अपनाया (3)
4. प्रतिबिंब, प्रतिरूप, शनिमाता (2)
6. शीघ्रता, अतिशीघ्र, आंख झपकते (7)
9. सिलवट, सिकुडन, शक्ति (2)
10. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
12. अलंकृत होना, शोभित होना (3)
13. छुप जाना, भागना, पलायन (3)
14. कमची, चाप, स्प्रिंग, कमान (3)
15. सौत, सहपत्नी, प्रतिकूला (3)
16. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
19. प्रेरणा उत्पन्न करने वाला, प्रणोदक , संचलनकर्ता (3)
20. नामधारण करने वाला, नामधारी, नामयुक्त (3)
22. ताश के खेल का एक प्रकार (2)
23. घटना, मुकदमा, संदर्भ (3)

**ऊपर से नीचे**

1. झाडू देना, बुहारना (अंग्रेजी) (2)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. वह चोरी जो दीवार में बड़ा छेद करके हुई चोरी (5)
4. मुद्रत प्रति, सादृश्य आभास, छापीगिरी (2)
5. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चमर बनता है (2)
7. झलाई करना, टांका लगाना (3)
8. यह ईरान की राजधानी है (4)
11. हैसियत, परत, भूपर्पटी, मानक (2)
12. मिलनसार, लोकप्रिय, लोकप्रेमी (5)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय केसुअवसर पर लिखा जाए (5)
14. महसूल, टैक्स, हाथ, हस्त (2)
17. यह घाना देश की राजधानी है (3)
18. रूक-रूक कर अस्पष्ट उच्चारण करके बोलने वाला वाला (3)
21. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5554 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | ■ | सा | ■ | र | स |
| ड | ■ | ग | ■ | ग | ज | ब | ल |
| का | नू | न | ■ | ■ | मी | ■ | व |
| स्टिं | ■ | व | क्र | ■ | र | प | ट |
| ग | ज | ट | ■ | फां | ■ | ट | ■ |
| ■ | य | ■ | आ | स | पा | स | ■ |
| शू | द्र | ■ | ब | ■ | र | न | वे |
| र | थ | ■ | रू | स | ■ | ■ | णी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार के मामले में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा और जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे और आप लोग साथ में मिलकर कुछ नया कार्य कर सकते हैं।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके विद्या बुद्धि ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपको ऑफिस में लोगों से सम्मान की प्राप्ति होगी। शाम के वक्त धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी और आपका दिन लाभ से भरा होगा। आपके द्वारा किए जाने वाले हर कार्य में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में परेशानी और असहयोग का भागी बनना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत करने पर ही आपको सफलता प्राप्त होगी। कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा।

### तुला
आज हर कार्य को बेहद सावधानी से करने की सलाह है। किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। इस बात का ध्यान रखें और किसी से फालतू न बोलें। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। शाम से लेकर रात तक हर योजना में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको कुछ नए कार्य में भाग लेने से खुशी होगी। आपका अधिक समय धार्मिक कार्यक्रम में बीतेगा और परिवार के लोगों के साथ आउटिंग पर जा सकते हैं। आत्मविश्वास के बल पर किए जा रहे प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। आपको थोड़ा ध्यान देने की जूरत है।

### धनु
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई डील करने से आपको लाभ होगा। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। पिता के आशीर्वाद से आपको ऑफिस के मामले में लाभ होगा। परिवा शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की संभावना रहेगी। सांयकाल के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी।

### कर्क
आज आपके द्वारा आमदनी को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नये अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आपकी रुचि शॉपिंग में काफी रहेगी और घर को सजाने के लिए शॉपिंग पर जा सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज दिन भाग्य की दृष्टि से काफी अच्छा रहेगा। आपके कष्ट दूर होंगे और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। भतीजे का सहयोग मिलने की संभावना है और कारोबार में आपको मनचाहा लाभ होगा। वाणी पर संयम रखें तो आपको कार्यकुशलता से हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप शैक्षणिक दिशा में जो परिवर्तन करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। नये कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता और गुरु के प्रति आदर भाव रखने से आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज लाभ का दिन है। आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष के लोगों से आपको लाभ होगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपको कारोबार से जुड़े मामलों में लाभ होगा और मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### मीन
आज करियर में लाभ होने के योग हैं। आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किये गये श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। सायंकाल से रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। सैर सपाटे व मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार



### बागपत में सफाईकर्मियों ने दी सामूहिक धर्म परिवर्तन और आत्मदाह की चेतावनी

**बागपत , एजेंसी।** नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने रविवार सुबह ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और हवेली तिराहे पर कूड़ा डाल दिया। उन्होंने अफसरों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी और इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगाए। वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह सफाई कर्मियों को समझाकर शांत कराया। सफाई कर्मी अजय, राकेश, धर्मेंद्र, विमलेश आदि ने बताया कि वह नगर पालिका में पिछले 20-25 साल से सफाई कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले नगर पालिका ने सफाई का ठेका लोनी के एक ठेकेदार को दे दिया। आरोप लगाया कि ठेकेदार उन्हें नोटिस दिए बिना ही काम से हटाने की धमकी दे रहा है।

ठेकेदार ने महिला सफाई कर्मियों के साथ अभद्रता भी की। इसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन कर शिकायत दी थी, लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वाल्मीकि समाज के लोग सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कर इस्लाम धर्म कबूल कर लेंगे।

### हाईकोर्ट ने कहा: हर हाल में पत्नी-बच्चों का भरण-पोषण करना पति का पवित्र कर्तव्य, पत्नी की अर्जी पर हुई सुनवाई




**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पारिवारिक मामले में एक अहम फैसला दिया। इसमें कोर्ट ने कहा कि पत्नी व बच्चों का हर हाल में भरण-पोषण करना पति का पवित्र कर्तव्य है। वैवाहिक कार्यवाहियों में अक्सर पतियों की तुलना में पत्नियां व बच्चे अधिक आर्थिक संकट झेलते हैं। क्योंकि उन्हें परिवार या आय से सीमित मदद मिलती है। उनकी इस हालत में पतियों की ओर से लगातार परेशानी बढ़ाई जाती है। इससे उन्हें ऐसे कार्यवाहियों का सामना करने में मुश्किलें आती हैं। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने इस टिप्पणी के साथ पत्नी को तलाक के मामले में अदालती कार्यवाहियों का खर्च देने के आदेश के खिलाफ दाखिल सैन्य अफसर पति की अपील खारिज कर दी। इसमें लखनऊ की पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी।

**पारिवारिक अदालत ने पत्नी की अर्जी पर सुनवाई की:** पति की ओर से दाखिल तलाक के दावे के दौरान पारिवारिक अदालत ने पत्नी की अर्जी पर सुनवाई की थी। इस दौरान सैन्य अफसर को आदेश दिया था कि अदालती कार्यवाही के लिए 50,000 समेत खर्चे के 10,000 रुपये एकमुश्त अदा करें। प्रत्येक सुनवाई पर 500 रुपये भी पत्नी को देने का आदेश दिया था। बीते सितंबर में दिए गए इस आदेश के खिलाफ सैन्य अफसर ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। उनके वकील का कहना था कि यह आदेश देते समय पारिवारिक अदालत ने इस तथ्य पर गौर नहीं किया कि पत्नी, पति से अलग रह रही है।

**पति सेना में कर्नल हैं और पर्याप्त वेतन पा रहे:** हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने सिर्फ तलाक के दावे के खर्चों के लिए यह आदेश दिया है। शादी होते ही पत्नी के भरण पोषण का दायित्व पति का होता है। बच्चों के पैदा होने पर उनके भरण पोषण का दायित्व भी कानूनी तौर पर लागू हो जाता है। मामले में पति सेना में कर्नल हैं और पर्याप्त वेतन पा रहे हैं।

# सपा-भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी ये सीट...मुस्लिम इलाकों में खामोशी की चादर; दोनों दलों में कांटे की टक्कर



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांटे के मुकाबले वाली सीटों में शुमार है कानपुर की सीसामऊ विधानसभा। जेल में बंद चार बार के सपा विधायक इरफान सोलंकी की विधायकी जाने के बाद इस सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

इस सीट पर करीब 25 वर्ष से काबिज सपा ने वर्चस्व बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है तो भाजपा के लिए यह सीट नाक का सवाल बन गई है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महज सात दिन में इस विधानसभा क्षेत्र का दो बार दौरा किया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक जनसभा कर चुके हैं और शनिवार को हुए मुख्यमंत्री के रोड शो के जवाब में रोड शो कर सकते हैं। उधर, सीट पर जीत का आंकलन करने से दिग्गज नेता और विशेषज्ञ भी बचते दिखे। हालांकि 45 फीसदी मुस्लिम वोटर, 30 फीसदी एससी-ओबीसी और 25 फीसदी सामान्य वर्ग वाली इस विधानसभा क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण साफ दिख रहा है।

**नसीम सोलंकी सहानुभूति के लहर पर सवार:** इस विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से लेकर गलियों में जाकर सियासी माहौल जानने कोशिश की। एक तस्वीर बिल्कुल साफ दिखी कि इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी सहानुभूति के लहर पर सवार हैं। प्रचार के दौरान उनकी आंखों की नमी वोटरों का ध्यान खींच रही है।

**सुरेश अवस्थी की छवि युवा व छात्रनेता की:** केवल मुस्लिम ही नहीं बल्कि हिंदू बहुल इलाकों में भी टियर इफेक्ट महसूस हुआ। वहीं, भाजपा से तीसरी बार ताल ठोंक रहे सुरेश अवस्थी की छवि युवा व छात्रनेता की है। युवा उनसे जुड़े हैं। इरफान से नाराज तबका सुरेश के साथ खुलकर खड़ा है। मुख्यमंत्री की छवि और कानून-व्यवस्था उनके लिए ट्रंप कार्ड है।

**कनपुरिया स्टाइल में लाला शुक्ला बोले- साइकिल गई:** शुक्रवार रात लेनिन पार्क के पास एक पान की दुकान पर पहुंचे। योगी के रोड शो को लेकर कनपुरिया स्टाइल में लाला शुक्ला बोले, साइकिल गई। काहे...गुटखा दबाए खड़े दीपू भइया एक शब्द का सवाल दागने के साथ ही बुदबुदाए, योगी-मोदी की घनघोर लहर में भी सीट हाथ नहीं आई थी। जवाब मिला, दूसरा कोना पकड़ो।

**इस सीट पर साल 1991 में खिला था कमल:** योगी जी का रोड शो गेम फिनिश कर देगा। बता दें कि सीसामऊ सीट पर वर्ष 1991 में कमल खिला था। तब राकेश सोनकर जीते थे। अजमेरी चौराहा चमनगंज में मोहम्मद शकील और मोहम्मद असद बिरयानी खाकर बाहर निकले। उनसे पूछा लेकिन कन्नी काट गए। जोर देने पर धीरे से बोले, उपचुनाव है। खामोशी से काम कीजिए।

**चाय पर चर्चा ऐसी कि ठंडा माहौल भी गरमा गया:** शनिवार सुबह 80 फीट रोड स्थित बनारसी चाय की दुकान पर अवधेश दुबे, राजेश शर्मा, उदय द्विवेदी, हरीश मतरेजा, पवन गुप्ता, मनोज शुक्ला, बृजेश सेठ और अशोक बाजपेयी की टोली में जाकर बैठ गए। चुनावी रुख के सवाल पर जवाब आया, दोनों के लिए जीने-मरने का सवाल है। इस जीत-हार से वर्ष 2027 के चुनाव की रूपरेखा तय होगी। क्या नसीम सोलंकी को सहानुभूति का लाभ मिलेगा। वर्ष 2007 में भाजपा से चुनाव लड़कर इरफान से हारे हरीश मतरेजा ने कहा, 2007 में इरफान भी सहानुभूति की वजह से जीते थे, क्योंकि उनके विधायक पिता हाजी मुश्ताक सोलंकी का निधन हो गया था। आज इरफान जेल में हैं। तब और अब की सहानुभूति में यही फर्क है। बीच में बात काटते हुए उदय द्विवेदी ने कहा कि इरफान को जेल भेजने के पीछे किसकी साजिश है, सब अच्छे से जानते हैं। पवन गुप्ता ने टोका, इरफान ने विकास केवल मुस्लिम बहुल इलाकों में कराया। भड़के उदय बोले, अगर ऐसा होता तो चार बार विधायक न बनते। संदीप पासवान ने कहा, इरफान आजतक उनकी दलित बस्ती में नहीं आए। 25 साल से परिवार के पास विधायकी रही लेकिन विकास ढेला भर नहीं हुआ। रही बात इमोशनल लहर की तो सुरेश भी तीन बार से मैदान में हैं। उनके साथ भी लोग हैं।

**मुस्लिम इलाकों में खामोशी की चादर:** सपा का प्रभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 के चुनाव में योगी और मोदी की लहर के बावजूद जीत हासिल नहीं हुई। मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित हुमायूं बाग में नब्ज टटोलने की कोशिश की लेकिन लबों पर छाई खामोशी से जाहिर हो गया कि मतदाता अभी पत्ते खोलने के मूड में नहीं हैं। धूप सेंक रहे शकील भाई बोले, पहला चुनाव है, जिसमें कोई मुद्दा ही नहीं है। शांतिभंग के नोटिस चस्पा हैं। वोटर निकलने से डर रहे हैं। अशफाक सिद्दीकी ने बात आगे बढ़ाई और बताया कि मुस्लिम बहुल इलाकों में केडीए सीलिंग की ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। इससे गलत मैसेज जा रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि पहली बार मुस्लिम इलाकों में भाजपा प्रत्याशी खुद आए हैं। संपर्क कर रहे हैं। ये एक अच्छी पहल है। अबरा परवीन बोलीं, सरकारी योजनाएं हमारे पास तक नहीं पहुंचती। विधायक हमारी बात सुनें, इसलिए वोट जरूर डालेंगे।

**बसपा ने वोट काटा तो नुकसान भाजपा का:** सीसामऊ विस क्षेत्र में एससी वोट खासी संख्या में हैं। एक-एक वोट की लड़ाई में अगर बसपा ने सेंध लगाई तो भाजपा की चुनौती बढ़ जाएगी। हालांकि पिछले चुनावों पर नजर डालें तो इस सीट पर बसपा का जनाधार लगातार घटा है। बसपा ने इस सीट पर जीत के लिए सोशल इंजीनियरिंग के सारे फॉर्मूले अपनाए। परिसीमन से पहले वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा के अनिल सोनकर वारसी को 18 फीसदी वोट मिले थे। इसके बाद वोट प्रतिशत लगातार गिरता गया। वर्ष 2012 के चुनाव में मोहम्मद वसीक को करीब 12 फीसदी वोट मिले। वर्ष 2017 में नंदलाल कोरी ने 7.7 फीसदी वोट हासिल किए। वर्ष 2022 में ब्राह्मण प्रत्याशी रजनीश तिवारी को टिकट दिया लेकिन उन्हें दो फीसदी वोट भी नहीं मिला।

## ट्रैक पर 31 किलो के लोहे का टुकड़ा और पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश, पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका



**बरेली/हाफिजगंज , एजेंसी।** बरेली-पीलीभीत रेलखंड में ट्रेन पलटाने की कोशिश की गई। दिवनापुर हाल्ट के पास खुराफातियों ने रेलवे ट्रैक पर 31 किलो वजनी और 1.25 मीटर लंबा लोहे का टुकड़ा और पत्थर के स्लीपर रख दिए। रात 9:18 बजे यहां से गुजर रही मालगाड़ी का इंजन इस अवरोध से टकराया तो लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। सूचना पर रेलवे अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पीलीभीत के सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह ने हाफिजगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शुक्रवार रात मालगाड़ी भोजीपुरा से पीलीभीत के लिए निकली थी। दिवनापुर हाल्ट के पास किमी संख्या 292/10-292/12 के बीच इंजन से कोई भारी-भरकम चीज टकराने की तेज आवाज आई तो लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोका। इसके बाद लोको पायलट और गार्ड उतरकर इंजन को देखने गए तो पता लगा कि ट्रैक पर लोहे का टुकड़ा और पत्थर पड़े थे। लोको पायलट ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह ने बताया कि लोहे के टुकड़े का वजन 31 किलो से ज्यादा है। हालांकि, इसके टकराने से इंजन या रेलवे ट्रैक को नुकसान नहीं पहुंचा है। मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। रेलखंड पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। शनिवार को घटनास्थल की पड़ताल की गई।

## बरेली में आयुष्मान योजना को धोखा बता डॉक्टर ने महिला मरीज को अस्पताल से निकाला, मौत

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में आयुष्मान योजना को धोखा बताकर जिस मरीज विजयलक्ष्मी (59) को दीपमाला अस्पताल के डॉ. सोमेश मेहरोत्रा ने बाहर निकाला था, उसकी मौत हो गई है। पैरालिसिस का अटैक पड़ने के बाद शाहजहांपुर के मिर्जापुर कलान की विजयलक्ष्मी को परिजन छह नवंबर की देर रात अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि आयुष्मान कार्ड से इलाज करने की बात कही तो डॉक्टर ने अभद्रता करते हुए अगले दिन मरीज को निकाल दिया। दिल्ली ले जाते समय मौत हो गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर आयुष्मान पैनल से अस्पताल की संबद्धता छीन ली गई। वहीं, शनिवार को जांच टीम ने आरोपी डॉ. सोमेश मेहरोत्रा के बयान भी दर्ज किए हैं।

### वायरल हुआ था वीडियो

दरअसल, शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हुआ। इस दीपमाला अस्पताल के डॉ. सोमेड मेहरोत्रा मरीज के परिजन आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की बात पर भड़क रहे थे। उन्होंने योजना को धोखा बताते हुए सरकारी इलाज के नाम पर चूरन-चटनी की गोली खिलाए जाने की बात कही। साथ ही, नेताओं, अफसरों और डॉक्टरों की मिलीभगत से बजट के बंदरबाट की भी बात कही।

### खबर से संबंधित वीडियो

डीएम ने वीडियो का संज्ञान लेकर सीएमओ को जांच के निर्देश दिए। दो सदस्यीय टीम ने मरीज के परिजनों से फोन पर बात की तो पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। जांच अधिकारी एसीएमओ डॉ. राकेश के मुताबिक प्राथमिक जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है।

### आरोप: आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी वसूले 1.40 लाख रुपये

विजयलक्ष्मी के बेटे गोविंद मोहन के मुताबिक छह नवंबर की रात करीब दो बजे मां को लेकर दीपमाला अस्पताल पहुंचे। आयुष्मान कार्ड लगाने के बाद भी रुपये वसूले गए। 24 घंटे बाद रुपये खत्म हुए तो कार्ड से इलाज के बारे में पूछा। इस पर डॉ. सोमेश भड़क गए और गालियां देते हुए निकाल दिया। तब तक वह 1.40 लाख का भुगतान कर चुके थे।

### डिप्टी सीएम ने एक्स पर साझा की कार्रवाई

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया आयुष्मान योजना के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झांसी अग्निकांड: लापरवाही से नवजातों की मौत पर एनएचआरसी सख्त, मुख्य सचिव-डीजीपी को नोटिस दे मांगा जवाब




**लखनऊ , एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने झांसी के सरकारी अस्पताल में आग लगने से 10 नवजातों की मौत की घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर एस सप्ताह में घटना की रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया है कि यह घटना लापरवाही की वजह से हुई, जो कि मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। आयोग ने मामले में एफआईआर की स्थिति, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई, घायलों को प्रदान की जा रही चिकित्सा और पीड़ित परिवारों को दिए गए मुआवजे की जानकारी देने को कहा है। साथ ही, यह भी पूछा है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

**झांसी की घटना पर विपक्ष ने उठाए सवाल:** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में 10 बच्चों की मौत पर विपक्ष में सवाल उठाया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मांग की कि प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि दूसरे कॉलेजों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि संवेदनात्मक श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि आग का कारण 'ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर' में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकित्सीय प्रबंधन, सरकार की लापरवाही और खराब क्वॉलिटी के ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर का मामला है। इस मामले में सभी ज़िम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सरकारी अस्पताल बदहाल, भ्रष्टाचार, लापरवाही का अड्डा बन गए हैं। भाजपा सरकार में ये दूसरी बड़ी घटना है, जिसमें मांओं ने अपने बच्चों को खोया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चुनावी प्रचार और 'सब ठीक होने के झूठे दावे' छोड़कर स्वास्थ्य, चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिवारों को 1-1 करोड़ संवेदना राशि दें। गोरखपुर न दोहराया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने 10 बच्चों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार की लापरवाही का परिणाम है, जो सरकार की अक्षमता की ओर इशारा करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाए और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह सेंगर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा के अर्प्याप्त उपाय और वहां व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

## पूर्व विधायक विजय यादव: बांग्लादेश सरकार प्रमुख का सिर कलम करने वाले को पांच करोड़, इनाम में कार भी मिलेगी

**मुरादाबाद , एजेंसी।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के पूर्व विधायक और नारायणी सेना कृष्ण के संरक्षक विजय यादव ने एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान या विश्व का कोई भी व्यक्ति बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का सिर कलम करके लाएगा तो वह उसे पांच करोड़ रुपये का इनाम देंगे। इसके साथ कार भी दी जाएगी।

बसपा से ठाकुरद्वारा के विधायक रह चुके विजय यादव ने अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू और श्रीकृष्ण के भक्तों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। इस्कॉन मंदिरों और श्रीकृष्ण भक्तों को निशाना बनाया जा रहा है।

भारत में अल्पसंख्यकों का हितैषी होने का दावा करने वाले राहुल गांधी, असदुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, चंद्रशेखर जैसे लोग बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर चुप हैं। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में उनकी नारायणी सेना को जाने की इजाजत दें और उन्हें हथियार उपलब्ध कराएं। उनकी सेना बांग्लादेश में जाकर हिंदुओं की रक्षा करेगी।

**भाजपा के लिए वोट मांगा तो जान से मार देंगे, तीन पर मुकदमा:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बबराला खास में पूर्व प्रधान के घर पहुंचकर उनके पति के साथ गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन दबंगों ने पूर्व प्रधान के पति को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपियों ने कहा कि भाजपा के लिए वोट मांगा तो जान से मार देंगे।

पीड़ित महमूद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही नजाकत, जब्बार और सत्तार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महमूद ने पुलिस को बताया है कि बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे उनके गांव के ही तीन आरोपी घर पर आए और गालियां देने लगे। आरोपियों ने कहा कि तेरी इतनी हिम्मत कि तू भाजपा के लिए वोट मांग रहा है।

आज के बाद भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया तो तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित ने कहा कि आरोपियों ने गांव छोड़ने की भी धमकी दी। महमूद ने आरोपियों को समाजवादी पार्टी का समर्थक बताया। इस मामले में मूंढापांडे थानाध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**बसपा ने चुनाव के दौरान जिला उपाध्यक्ष को हटाया:** बसपा ने जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति को उनके पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर बब्लू लंबरदार को नया जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपचुनाव के बीच पदाधिकारी को हटाने पर जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि लापरवाही के आरोप में उपाध्यक्ष को हटाया गया है। पूर्व सांसद एवं मंडल प्रभारी गिरीश चंद, मुख्य सेक्टर प्रभारी जाफर मलिक और डॉ. रणविजय सिंह ने नए जिला उपाध्यक्ष के नाम की संस्तुति की।

# मुरादाबाद में दो पक्षों में विवाद, नाराज लोगों ने घरों के बाहर लगाए पलायन के पोस्टर

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद के कटघर के मेहबुल्ला गंज में डिप्टी जगन्नाथ सिंह मंदिर वाली रोड निवासी एक व्यक्ति द्वारा दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की सुगबुगाहट से हड़कंप मच गया। नाराज होकर मोहल्ले के 20-25 लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं।

पोस्टर में लिखा हैकि मैं अपने परिवार सहित पलायन करा हूं। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई। मोहल्ले में पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति का लोगों से विवाद चल रहा है। इसके कारण कई बार पुलिस को भी आकर मामले को शांत करना पड़ा। मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति अपना मकान बेचना चाहता है।

उनका शिशु मंदिर के पास ही दो मंजिला मकान है। मोहल्ले वालों का कहना है कि राहुल गुप्ता हिंदू समुदाय के व्यक्ति को मकान बेचने को तैयार नहीं हैं। वह दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचना चाहते हैं। मोहल्ले के लोगों ने कहा कि इस मामले को पहले भी सिटी मजिस्ट्रेट, कटघर सीओ व एसपी सिटी के सामने रख चुके हैं।

कही सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर लोगों ने अपने घरों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए। लोगों का कहना है कि मोहल्ले के ही कई लोग मकान की अच्छी कीमत देने को तैयार हैं, लेकिन मकान मालिक दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचने की जिद पकड़े है।




**लोगों ने कहा, कर जाएंगे पलायन:** मोहल्ले के रामजी ने बताया कि शिशु मंदिर का रास्ता लाजपतनगर पुलिस चौकी के बराबर से है। यह पूरा क्षेत्र दूसरे संप्रदाय का हो चुका है। इस कारण छात्र-छात्राओं को शिशु मंदिर तक आने-जाने में आए दिन विवाद होता रहता है। इसकी पहले शिकायतें भी हुई हैं।

इसी विवाद के चक्कर में अधिकांश बच्चे अब डिप्टी साहब के मंदिर परिसर से होकर स्कूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि राहुल गुप्ता का मकान दूसरे संप्रदाय के लोग खरीदें अन्यथा विवाद हो जाएगा। दरवाजे पर पलायन करने के पोस्टर लगाने वाले अंशू व रामवती ने कहा कि प्रशासन उनके मामले में सुनवाई नहीं कर रहा है। यदि दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेचा गया तो वह लोग पलायन कर जाएंगे।

यही बात रॉबिन, प्रेमराज, कैलाश गिरि, राम सिंह, बल्लू राम, विभव सिंह भी कही। यहीं पर आनंद की पॉलिश फैक्ट्री है, वह कहते हैं कि उनके मोहल्ले में दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति ने मकान खरीदा तो वह भी पलायन कर जाएंगे। सभी लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

**सीओ-थानाध्यक्ष ने दिया समाधान कराने का आश्वासन:** एसपी सिटी के कहने पर मुहल्ले के लोग शनिवार शाम चार बजे कटघर थाने पहुंचे। यहां सीओ कटघर अश्वनी सिंह, थानाध्यक्ष संजय कुमार, लाजपतनगर चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार थे। मोहल्लेवालों के साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश प्रजापति, वार्ड-48 के पार्षद कुलदीप नारायण व लाजपतनगर के पार्षद विवेक शर्मा भी थाने गए।

इनके साथ मोहल्ले के शिशु मंदिर स्कूल के प्रबंधक देवराज सिंह, विनोद सक्सेना, नीरज गुप्ता, राम जी राम, निवेश गुंबर, धीरशांत दास अर्द्धमौनी थे। रामजी ने बताया कि सीओ व थानाध्यक्ष ने कहा है कि कुंदरकी उपचुनाव होने के बाद 24 नवंबर को मामले का समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विवादित मकान के भूतल को अभिनंदन ने किराए पर ले रखा है। इसी भवन में वह हैंडीक्रॉफ्ट का काम करते हैं। प्रथम तल के सभी कमरे खाली हैं।

**लाजपतनगर में पहले भी हो चुका है बवाल:** कुछ वर्ष पहले ऐसा ही एक मामला लाजपतनगर में आया था, वहां भी एक व्यक्ति ने दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को मकान बेच दिया था। रजिस्ट्री होने के बाद जब मोहल्ले के लोगों को पता चला तो उन लोगों ने काफी विरोध जताया था। प्रशासन को भी ज्ञापन दिया था।



# बॉक्स ऑफिस नंबर से ज्यादा मेरे लिए फीडबैक मायने रखता है

अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारों से सजी रोहित शेट्टी की मल्टी स्टारर फिल्म सिंघम 3 बॉक्स ऑफिस की बाजी हार चुकी है। भूल भुलैया 3 के साथ सिनेमाघरों में उतरी इस फिल्म को काफी नेगेटिव रिव्यू मिले। इसे लेकर हाल ही में रोहित शेट्टी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। फिल्म को मिली खराब समीक्षाओं और बॉक्स ऑफिस पर हुई कम कमाई को लेकर निर्देशक ने कहा कि उनके लिए यह मायने ही नहीं रखते। उनके लिए तो फीडबैक मायने रखता है।

सिंघम 3 की रिलीज से पहले नहीं सोए रोहित रोहित शेट्टी को इंडस्ट्री में दो दशक से अधिक वक्त हो चुका है। मगर, अपनी किसी नई फिल्म की रिलीज पर उन्हें आज भी घबराहट महसूस होती है। इंडिया टुडे डिजिटल के साथ बातचीत में रोहित शेट्टी ने कहा कि अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज से एक रात पहले भी उनकी हालत कुछ ऐसी ही हो गई। वे पूरी रात जागते रहे और चिंता में रहे। रोहित शेट्टी ने कहा कि वे शुरुआत से ही अपनी सभी फिल्मों की रिलीज से पहले इसी तरह घबराते रहे हैं। रोहित शेट्टी का कहना है कि भले ही लोगों को लगता है कि वह दर्शकों की नब्ज को समझते हैं, फिर भी वे पूरी ईमानदारी से काम करते हैं, जिससे दर्शकों के बीच कुछ शानदार पहुंच सके।

### जमीनी स्तर पर लोगों की राय रखती है मायने

रोहित शेट्टी ने कहा, मैं किसी फिल्म की रिलीज से पहले वाली रात सो नहीं पाता। चिंता में रहता हूं और यह चिंता रिलीज के दिन दोपहर तक रहती है। रोहित शेट्टी ने आगे बताया कि जब समीक्षाएं आती हैं या हमारी वितरण टीमों, थिएटर मालिकों से प्रतिक्रिया मिलती है, तब वे कैसा महसूस करते हैं? रोहित शेट्टी ने कहा कि वे हमेशा यह सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं कि जमीनी स्तर पर लोग कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। रोहित के मुताबिक, फिल्म समीक्षकों का दृष्टिकोण अलग-अलग होता है, लेकिन वह इस बात पर ध्यान देना पसंद करते हैं कि सिनेमाहॉल मालिक और वहां के दर्शक क्या कह रहे हैं?

### नेगेटिव रिव्यू का नहीं पड़ता असर?

निर्देशक का कहना है कि दर्शकों की प्रतिक्रिया उनके लिए फिल्म को मिले रिव्यू और बॉक्स ऑफिस पर जुटाए गए नंबरों से ज्यादा मायने रखती है। फिल्म सिंघम अगेन को काफी नेगेटिव रिव्यू भी मिले हैं। निर्देशक से जब पूछा गया कि इसका उन पर क्या असर पड़ा? उन्होंने कहा, फिल्म मेकिंग की 20 साल से अधिक की यात्रा रही है। शायद ही कभी मुझे अच्छी समीक्षा मिली हो। मेरे लिए, जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि लोग मेरी फिल्में पसंद करते हैं, लेकिन मैं अगर मैं कहूं कि मुझे आलोचकों की परवाह नहीं है तो यह ठीक नहीं होगा। लेकिन, इतना जरूर है कि यह मेरे लिए अतिरिक्त सरीखा है। कमाई की बात करें तो रोहित शेट्टी की फिल्म ने अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 217.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।



# जब हुमा कुरैशी को डेविड धवन ने दी ये खास सलाह, अभिनेत्री आज भी इस पर करती हैं अमल

हुमा कुरैशी हिंदी फिल्मों की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी उनकी पहली फिल्म के लिए ही जाना जाता है। अभिनेत्री ने अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके कुछ ही दृश्य थे, लेकिन उनमें भी उन्होंने दर्शकों के ऊपर गहरी छाप छोड़ी थी। हाल में ही अभिनेत्री ने बताया कि अपनी पहली फिल्म की रिलीज के बाद वह मशहूर निर्देशक डेविड धवन से मिली थीं और उन्होंने अभिनेत्री को एक खास सलाह दी थी।

एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि गैंग्स ऑफ वासेपुर की रिलीज के ठीक बाद वह मशहूर निर्देशक डेविड धवन से मिली थीं। उस पल को याद करते हुए हुमा ने बताया कैसे इतने बड़े निर्देशक होने के बाद भी वो खुद पहले अभिनेत्री के पास आए और एक खास सलाह दी। अभिनेत्री ने कहा, गैंग्स ऑफ वासेपुर के ठीक बाद मैं एक कॉफी शॉप में डेविड धवन से टकरा गई। मैं सोच रही थी, वाह, डेविड धवन! और तब तक वह मेरे पास आए। उन्हें ऐसा करने की जरूरत भी नहीं थी।

### डेविड धवन ने दी थी अभिनेत्री को न बदलने की सलाह

हुमा ने आगे बताया, उन्होंने कहा, बेटा, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो। आपको बहुत लोग बोलेंगे वजन कम करलो, सर्जरी करलो, कुछ नहीं करना। अभिनेत्री ने बताया कि डेविड धवन ने इस बात पर जोर दिया कि दर्शकों ने उन्हें वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे वो हैं और अब उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है। निर्देशक ने उन्हें सलाह दी थी कि वे बस दर्शकों का मनोरंजन करती रहें।

### डेविड धवन के शब्दों ने हुमा कुरैशी पर डाला गहरा प्रभाव

डेविड धवन के शब्दों ने अभिनेत्री के मन पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने इस इंटरव्यू के दौरान उसका उल्लेख करते हुए कहा कि वो उनकी सलाह को हमेशा याद रखना चाहती हैं। हुमा ने कहा, मैंने सोचा कि यह वास्तव में अच्छी सलाह है और यह सलाह इंडस्ट्री के वरिष्ठ लोगों से आती है, जब वे अचानक आपसे मिलते हैं और आपको यह सलाह देते हैं, तो आप इसे लिख लेते हैं कि यह भूलना नहीं है।

### जॉली एलएलबी 3 में आएंगी नजर

हुमा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देश में कोई भी अपने दिखने से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग हमेशा इस पर विश्वास करते हैं कि दूसरी तरफ की घास ज्यादा हरी है। उन्होंने आगे कहा कि किसी को भी परफेक्ट दिखने के पीछे नहीं भागना चाहिए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें परफेक्ट दिखने में कोई दिलचस्पी नही है। उनके लिए परफेक्ट दिखने का मतलब होगा दुनिया का अंत। बात करें हुमा के वर्क फ्रंट की, तो वह अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और अरशद वारसी भी नजर आएंगे।



# ओजी के निर्देशक संग काम करने को लेकर वरुण तेज ने दी जानकारी

साउथ के लोकप्रिय अभिनेता वरुण तेज इन दिनों अपनी नवीनतम रिलीज फिल्म मटका को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। ये फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसे लेकर अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म कुख्यात मटका जुआ साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने की कोशिश करती है। इस बीच अभिनेता ने खुलासा करते हुए बताया कि वो साहो के निर्देशक सुजीत के साथ भी काम करने वाले थे।

### सुजीत संग काम करने पर बोले वरुण तेज

हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान वरुण तेज ने सुजीत ने इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें शुरू में साहो के निर्देशक सुजीत के साथ काम करने के लिए तैयार किया गया था, जो वर्तमान में पवन कल्याण की ओजी की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, यह प्रोजेक्ट योजना के अनुसार आगे नहीं बढ़ सका, लेकिन वरुण ने कहा कि सुजीत ने उन्हें कहानी सुनाई थी, और संभावना है कि वे भविष्य में इस प्रोजेक्ट पर फिर से विचार कर सकते हैं।

### फिल्म ओजी में व्यस्त हैं सुजीत

बात करें सुजीत के वर्क फ्रंट की, तो वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ओजी को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। इस फिल्म में फैंस के बीच पावर स्टार के नाम से मशहूर लोकप्रिय अभिनेता पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी भी फिल्म में अहम भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म इस साल ही रिलीज होने वाली थी, लेकिन लगातर फिल्म में होती गई देरी की वजह से अब ये अगले साल यानी 2025 में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन करने के साथ-साथ सुजीत ने लेखन भी किया है।

# फुटबॉल प्लेयर को डेट करना चाहती हैं उर्वशी रौलेता?

उर्वशी रौतेला अक्सर डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में रहती है, जब एक इंटरव्यू के दौरान उर्वशी से पूछा गया कि वह आखिर किसे डेट करना चाहेंगी। तो उनके जवाब ने फिर से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ लव ट्रायंगल में रहना चाहती हैं। रोनाल्डो और मेस्सी दोनों ही फुटबॉल की दुनिया के दो सबसे बड़े नाम हैं। अपने मजाकिया अंदाज में उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ प्रेम त्रिकोण में रहना पसंद करेंगी। एक इंटरव्यू के दौरान जब उर्वशी से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ प्रेम त्रिकोण में रहना चाहेंगी। लेकिन उर्वशी ने किसी बॉलीवुड अभिनेता का नहीं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों का नाम लिया। उर्वशी ने कहा, मैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ प्रेम लव ट्रायंगल में रहना पसंद करूंगी।

### अपने काम पर फोकस करती हीं उर्वशी

उर्वशी रौतेला की बात करें तो उनका नाम अक्सर भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ जोड़ा जाता है। एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की और कहा, मेरे निजी जीवन के बारे में लगातार जांच और निराधार अफवाहों से निपटना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैं इस बात पर ध्यान केंद्रित करके इसे संभालती हूं कि मैं अपने काम और अपने व्यक्तिगत विकास को कैसे नियंत्रित कर सकती हूं।

### इन फिल्मों में नजर आएंगी उर्वशी

काम की बात करें तो, उर्वशी रौतेला अगली बार नंदमुरी बालकृष्ण के साथ एनबीके109 में नजर आएंगी। इसके अलावा अहमद खान द्वारा निर्देशित बाप, अक्षय कुमार अभिनीत वेलकम टू द जंगल और कसूर 2 शामिल हैं। वेलकम टू द जंगल में, वह अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कृष्णा अभिषेक, जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी।



# सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग पूरी, प्रियंका ने जताया टीम का आभार



प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर अक्सर पोस्ट करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद किया है। साथ ही तस्वीर भी साझा की है। इसमें उनकी बेटी मालती मेरी जोनस भी नजर आ रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट ने कहा कि मेरे जॉब में लोगों के समर्थन के बिना कुछ भी संभव नहीं है। जिन लोगों के साथ हम काम करते हैं। जो भी हमारे प्रोजेक्ट के सपोर्ट करते हैं। पूरी टीम अनुभव को ब्रेक भी कर सकते हैं और बना भी सकते हैं।

### सिटाडेल टीम के लिए बोलीं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा ने कहा, हर प्रोजेक्ट में करीब सौ लोग रहते है। विशेष रूप से यह एक, जिसमें 400+ का विशाल क्रू है। यह सिटाडेल सीजन 2 की मेरी जादुई टीम है। अगर आप सभी ने मेरा साथ नहीं दिया होता तो ये सीजन पूरा नहीं है। चलिए इस सीजन की शूटिंग धमाकेदार तरीके से खत्म करते हैं।

### इन प्रोजेक्ट में नजर आएंगी प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा ने सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके साथ ही प्रियंका चोपड़ा इसके साथ ही कुछ अन्य प्रोजेक्ट में भी काम कर रही हैं। प्रियंका इस दौरान इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ हेड्स ऑफ स्टेट और द ब्लफ शामिल है।

## हॉलीवुड को लेकर बोलीं प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड और बॉलीवुड के बीच के अंतर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में लोगों के पास बहुत सारे जुगाड़ होते हैं और काम करवाने का रवैया होता है। उन्होंने कहा, हम इसे लेकर थोड़े रोमांटिक हैं, जैसे अरे हो जाएगा, कर लेंगे, इसलिए यह काम करने का एक बहुत ही अलग तरीका है। मुझे लगता है कि हमारी रचनात्मकता कभी-कभी बहुत ही ऑर्गेनिक हो सकती है। यही सबसे बड़ा अंतर है जो मैंने देखा है। नहीं तो दुनिया भर में फिल्म निर्माण एक ही भाषा बोलता है।



# कैसा होगा बेबी जॉन में सलमान खान का कैमियो

## वरुण धवन ने उठाया राज से पर्दा

वरुण धवन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की कुछ झलकियां दर्शकों के सामने पहले ही आ चुकी हैं। इसके साथ वरुण भी फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। फिल्म को लेकर खबर है कि बेबी जॉन में बॉलीवुड के दबंग सलमान खान की भी विशेष भूमिका होगी। वे इसमें मजेदार कैमियो करते नजर आएंगे। अब वरुण ने इस बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां साझा की हैं।

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे वरुण धवन ने सलमान खान के कैमियो की खबर की पुष्टि की और इसके बारे में कुछ जानकारी साझा की। दरअसल, वरुण धवन हाल ही में सिटाडेल- हनी बनी में सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आए। सीरीज में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें तारीफें मिल रही हैं। ऐसे में उन्होंने अब अपने एक्स अकाउंट पर आस्क मी एनीथिंग सत्र का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों के मजेदार सवालों के दिलचस्प जवाब भी दिए।

### सलमान के कैमियो पर वरुण का जवाब

उनके निजी जीवन और करियर के बारे में अन्य सवालों के अलावा कई प्रशंसकों ने बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो को लेकर भी सवाल किए। एक यूजर ने वरुण धवन से फिल्म में सलमान के कैमियो की लंबाई के बारे में पूछा, जिसके जवाब में बदलापुर अभिनेता ने लिखा, मिनट नहीं बोलूंगा, प्रभाव बहुत ज्यादा काफी महीनों का मिलेगा। अभिनेता का जवाब संतुष्ट करने वाला है, क्योंकि सिंघम अगेन में भी सलमान ने दबंग के चुलबुल पांडे के रूप में कैमियो किया, जिसकी जबर्दस्त चर्चा रही।

### फिल्म में मिलेगा बड़ा तोहफा

एक अन्य प्रशंसक ने पूछा कि बेबी जॉन में सलमान भाई के कैमियो के बारे में कुछ बताइए। इस सवाल के जवाब में अभिनेता ने बस फिल्म की रिलीज की तारीख, 25 दिसंबर, 2024 की जानकारी दी। इसके साथ ही एक प्रशंसक ने धवन से पूछा कि क्या एटली निर्मित फिल्म में कोई सरप्राइज पैकेज होगा, अभिनेता ने उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि एक बड़ा पैकेज है, जिसके बाद वरुण के इस जवाब को लोगों ने सलमान खान के कैमियो से जोड़ दिया।

### फिल्म के कलाकार

बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे प्रतिभाशाली कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है और इसे जियो स्टूडियोज, एटली ने ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है।

# रामायण में हुई साउथ की इस मशहूर अभिनेत्री की एंट्री

नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण की चर्चा बहुत लंबे समय से चल रही है। फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का आधिकारिक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह और भी अधिक बढ़ गया था। अब इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है। फिल्म में यश के अलावा एक और दक्षिण भारतीय कलाकार भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री शोभना भी नजर आने वाली हैं। आगामी फिल्म में वह किस किरदार में दिखेंगी, फिलहाल इस बात की जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। फिल्म से उनका नाम जुड़ने के बाद रामायण की स्टारकास्ट अब और भी अधिक प्रभावशाली दिखने लगी है। शोभना मलयालम सिनेमा में काम करने वाली अभिनेत्री हैं। वह हिंदी, कन्नड़, तमिल और अंग्रेजी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। मणिचित्राथजु और मित्र जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी की दर्शकों ने खूब तारीफ की थी। वह दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। अभिनय के अलावा वह भरतनाट्यम नृत्य में भी पारंगत हैं।



# कीटनाशकों के उपयोग से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें

**कीटनाशकों के चयन में यह ध्यान रखना चाहिए कि दवा कीट विशेष के लिए प्रभावकारी होना चाहिए परन्तु जानवरों, मनुष्यों, पराग़ण में मदद करने वाले कीटों, मधुमक्खियों एवं लाभदायक कीटों के लिए सुरक्षित होना चाहिए। दवाओं की कीमत कृषकों की क्रय क्षमता के अंदर हो, बाजार में आसानी से उपलब्ध हो, तथा इसका प्रयोग का तरीका आसान हो।**



इनके उपयोग के पश्चात् अधिक दिनों तक विषैला प्रभाव पौधों पर नहीं रहना चाहिए इन्हें पौधों के अन्दर जाकर किसी ऐसे अवशेष में नहीं बदलना चाहिए जो मनुष्यों एवं जानवरों के लिए हानिकारक हो, कीट के लिए इनका विषैला प्रभाव अधिक दिनों तक बना रहना चाहिए, इन्हें कंद, फलियों, फलों एवं खाने योग्य भागों में जमा नहीं होना चाहिए। कीटनाशकों को अन्य कृषि रसायनों जैसे कवकनाश, खरपतवारनाशक व उर्वरक आदि के साथ मिलाकर प्रयोग किया जा सके।

## क्रय करते समय सावधानियां

1. कीटनाशक रसायन हमेशा विश्वसनीय कम्पनी का विश्वस्त विक्रेता से ही लेना चाहिए। रसायन को खरीदते समय उसकी रसीद अवश्य लें एवं उसके उपयोग की अंतिम तिथि देख लें।
2. कीटनाशक रसायन वास्तविक पैकेट में ही क्रय करें।
3. कीटनाशकों के साथ दिए पत्रक या टिन पर दिए निर्देशों को पढ़कर ध्यान में रखें।
4. कीटनाशक रसायन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर दवा विक्रेता, दवा कंपनी, कृषि विभाग व उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत प्रमाण सहित की जा सकती है।

## घर /संग्रहण में

1. कीटनाशक रसायनों को यथासंभव ठंडे व शुष्क स्थान में रखना चाहिए। कीटनाशकों को हमेशा बच्चों एवं पालतू पशुओं की पहुंच से दूर यथा संभव ताले में रखना चाहिए। इन्हें खाद्य सामग्री के साथ न रखें।
2. कीटनाशक, मूल डिब्बे से अलग अन्य किसी बिना लेबिल वाले डिब्बे, शीशी या पेपर की थैली आदि में न रखें।
3. उपयोग के लिए कीटनाशक निकालते समय बन्द स्थान का प्रयोग करें। चूर्ण आदि की थैली खोलते समय सावधानी रखें जिससे चूर्ण उड़ने न पाए।

## दवा प्रयोग करते समय (खेत में)

1. दवाओं का प्रयोग फसल की अवस्था के अनुसार करना चाहिए। फसल छोटी हो तो उनकी कम मात्रा प्रयोग में लानी चाहिए अन्यथा फसल झुलस सकती है।
2. फसल एवं कीट के अनुसार सुझायी दवाएं अनुशंसित मात्रा में ही उपयोग करें। कीट द्वारा क्षति की सीमा आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है तो कीटनाशक दवा का प्रयोग न करें।
3. कीटनाशक दवा का विलयन लकड़ी की सहायता से अच्छी तरह मिलाकर तैयार करें। हाथ से मिलाना हानिकारक हो सकता है। कीटनाशक रसायन को छिड़काव यंत्र में सीधा डालकर घोल बनाने के कारण भी कई बार घोल समान रूप से नहीं बन पाता व उसकी प्रभावशीलता में अंतर आ जाता है।
4. स्वस्थ एवं कुशल व्यक्तियों को ही कीटनाशकों का छिड़काव या भुरकाव करना चाहिए। जिन व्यक्तियों को चोट या घाव हो या चर्म रोग हो उन्हें यह कार्य नहीं करना चाहिए। कीटनाशक रसायनों का प्रयोग करते समय दस्ताने एवं चश्मा या मास्क का उपयोग करें।



कीटनाशक या छिड़काव करने वाले व्यक्ति को समय-समय पर अपने खून कोलीन एस्टरेज की जांच कराना चाहिए। यदि खून में कोलीन एस्टरेज सामान्य से कम हो तो उस व्यक्ति को छिड़काव नहीं करना चाहिए।

5. त्रुटिरहित पौध संरक्षण यंत्रों का ही प्रयोग करना चाहिए। यंत्र में लीकेज नहीं होना चाहिए। जहां छिड़काव करना हो वहां पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।
6. छिड़काव या भुरकाव यंत्र को घोल या चूर्ण से पूरी तरह कभी न भरें।
7. यदि छिड़काव करते समय नोजल में कचरा आ जाने से फुहार बंद हो जाए तो उसे मुंह से फूंक मार कर साफ नहीं करना चाहिए। इसे पानी या पतले तार से साफ करना चाहिए।
8. कीटनाशक दवा शरीर के किसी भाग पर गिरने न दे। इनके प्रयोग के समय तंबाकू, सुपारी, धूम्रपान या अन्य खाद्य सामग्री का सेवन न करें।
9. एक दिन में जितनी दवा का उपयोग हो सकता हो उतना घोल तैयार करें, उससे अधिक नहीं।
10. छिड़काव या भुरकाव करते समय सिरदर्द होने, चक्कर या मितली आने पर कार्य बंद कर देना चाहिए एवं प्राथमिक उपचार के साधन तैयार रखना चाहिए।
11. दवा के उपयोग की तारीख लिखकर रखना चाहिए। दवा के प्रयोग की अंतिम तिथि निकलने के पश्चात् उसका उपयोग न करें।

## कीटनाशकों का विषाक्तता स्तर कैसे जाने

कीटनाशकों के डिब्बों, शीशियों या लेबिल पर बने तिकोन के रंग के आधार पर उनकी विषाक्तता का अनुमान लगाया जा सकता है। अत: जो कीटनाशक जिस स्तर का है उसे उतनी ही सतर्कता के साथ प्रयोग करें। कीट विषों का विषाक्तता के आधार पर निम्नानुसार वर्गीकरण किया जाता है।

| कीटनाशकों की विषाक्तता का स्तर | डिब्बे, शीशी, लेबिल अथवा थैली पर बने तिकोन का रंग |
|---|---|
| अत्यधिक विषैला | गहरा लाल |
| अधिक विषैला | गहरा पीला |
| मध्यम विषैला | गहरा नीला |
| कम विषैला | गहरा हरा |

# धनिया की उन्नत खेती

**भूमि-**

**अच्छे जल निकास वाली रेतीली दुमट या कटियार दुमट भूमि जिसकी उत्तम उर्वराशक्ति हो उपयुक्त रहती है। क्षारीय एवं अम्लीय भूमि में उपज अच्छी प्राप्त नहीं होती। असिंचित क्षेत्रों के लिये भारी किस्म की भूमि जिसमें जल धारण क्षमता अच्छी हो, अधिक उपयुक्त होती है। सिंचित अवस्था में सभी प्रकार की भूमि जिसमें पर्याप्त जैविक अंश मौजूद हो धनिया की खेती की जा सकती है।**



## उन्नत किस्में

गुजरात धनिया , गुजरात धनिया 2, को.1 को.2, को. 3, आर.सी.आर.41, आर.सी.आर.20, पूसा चयन 360, स्वाति, लाम चयन सी.एस. 2, साधना, राजेन्द्र स्वाति, सी.एस. 287, ग्वालियर नं.5365, सिन्दू, आर.सी.आर.435, आर.सी.आर. 436, आर.सी.आर.446।

## खाद एवं उर्वरक

धनिया की अच्छी फसल के लिये 20 से 25 टन गोबर या कम्पोस्ट की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से प्रथम जुताई के पूर्व खेत में बिखेर दें। इसके अतिरिक्त नत्रजन 60 कि.ग्रा. स्फुर 40 कि.ग्रा. एवं पोटाश 20 कि.ग्रा. प्रति हे. की अनुशंसा की गई।

## बीज की मात्रा

बीज की मात्रा बुवाई विधि पर निर्भर करती है। छिटकवाँ विधि से बुवाई के लिये 22 से 25 कि.ग्रा. एवं पंक्तियों में बुवाई के लिये 12 से 15 किग्रा प्रति हे. बीज की आवश्यकता होती है।

## खेत की तैयारी

असिंचित खेती के लिये भूमि में सिंचित वर्षा की नमी जब उचित स्तर पर आ जाए खेत की तैयारी शुरू कर दें। पहली गहरी जुताई के पश्चात 2 से 3 जुताई देशी हल या हेरो से करके मिटटी को भुरभुरा बना लें। जुताई के बाद पाटा अवश्य लगायें ताकि ढेले अच्छी तरह से फूट जायें। सिंचित फसल के लिये भूमि में अगर नमीं का अभाव हो तो पलेवा देकर खेत की तैयारी करें। हल्की मिटटी में कम एवं भारी मिटटी में अधिक जुताई की आवश्यकता होती है। ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करना लाभप्रद होता है।

## खाद एवं उर्वरक देने की विधि

असिंचित क्षेत्रों में गोबर एवं कम्पोस्ट खाद की पूरी मात्रा खेत की पहली जुताई के समय समान रूप से फैलाकर मिटटी में मिलाएं एवं नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत की अंतिम जुताई के समय मिट्टी में मिला दें। सिंचित क्षेत्रों मे खेत की अंतिम जुताई के समय नत्रजन की आधी मात्रा के साथ स्फुर एवं पोटाश की मात्रा खेत में समान रूप से छिटककर आधार खाद के रूप में दे। नत्रजन की शेष मात्रा को दो बराबर मात्रा में बाँट के 30 से 40 दिन बाद खेत में अतिरिक्त पौधों को निकालने के पश्चात खडी फसल में बिखेर दें।

## बुवाई का समय



धनिया मुख्यत: रबी की फसल है। अधिकांश क्षेत्रों में वर्षाधारित खेती की जाती है। इसलिये इसे शुद्ध या मिश्रित फसल के रूप मे उगाया जाता है। बुवाई के लिये सर्वोतम समय अक्टूबर से लेकर नवम्बर का द्वितीय सप्ताह होता है, क्योंकि इस समय ठंड अधिक नहीं पड़ती है। उत्तरी भारत में धनिये की बोआई का उपयुक्त समय 15 अक्टूबर से15 नवम्बर है।

## बीजोपचार

मृदा एवं बीज जनित फफूंदी रोगों से बचाव हेतु धनिया के दानों को दो भागों में विभक्त करने के पश्चात थायरम् . कार्बेन्डाजिम के 3 ग्राम सम मिश्रण या ट्राइकोडरमा विरडी या ट्राइकोडरमा हार्जीनिया 4 ग्राम प्रति किलो की दर से उपचारित कर बुवाई करें।

## बुवाई का तरीका

सामान्य तौर पर धनिया की बुवाई दो विधियों से की जाती है।

## छिटकवा विधि

इस विधि में कम समय में अधिक क्षेत्र की बुवाई सुगमता एवं शीघ्रता से की जा सकती है। इस विधि मे अधिक बीज की आवश्यकता होती है। साथ ही बीजों का वितरण समान रूप से नहीं होता है। परिणामस्वरूप अंत: शस्य क्रियायें पूर्णरूपेण नहीं हो पाती जिससे उपज कम मिलती है।

## कतारों मे बुवाई

धनिया की बुवाई पंक्तियों में करना अधिक लाभप्रद होता है। बुवाई के लिये कतार से कतार की दूरी 25 से 30 से.मी. एवं पौधे से पौधे की दूरी 10 से 12 से.मी. रखनी चाहिए। कूड़ में बीज की गहराई 3 से 5 से.मी. तक होनी चाहिए। बीज अधिक को अधिक गहराई पर बोने से अंकुरण कम प्राप्त होता है।

## सिंचाई एवं जल निकास

फसल के अंकुरण के बाद पहली सिंचाई एवं दूसरी सिंचाई फूल आने के समय एवं तीसरी सिंचाई दाने के बनते समय करनी चाहिए। सामान्यत: धनिया की फसल को अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होता है। मौसम एवं मिट्टी की दिशा को देखकर सिंचाई आवश्यकतानुसार करें। खेत में पानी का भराव न होने दें अन्यथा फसल के मरने की आशंका रहती है। यदि खेत में पानी भर जाय तो उसे तुरन्त निकालने की व्यवस्था करनी चाहिये।

## निराई - गुडाई एवं खरपतवार नियंत्रण

धनिया की फसल के साथ कई खरपतवार भी उग आते हैं जो भूमि से नमी, पोषक तत्वों स्थान धूप आदि के लिये प्रतिस्पर्धा करते है जिसके कारण पौधों के विकास एवं बढ़वार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खरपतवार नियंत्रण के लिये दो बार निंदाई–गुड़ाई करनी चाहिये। बुवाई के 30 से 45 दिन बाद एवं दूसरी पहली निराई गुड़ाई के 60 से 70 दिन बाद करें। पहली के समय अतिरिक्त अनावश्यक पौधों को निकालकर पौधों से पौधों की दूरी 10 से 12 से.मी. कर लें। यदि फसल बड़े क्षेत्र मे उगाई गई है तो अंकुरण के पूर्व पेन्डामिथालिन 1.0 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व का प्रति हेक्टेयर की दर से नमीं की अवस्था में छिड़काव करें। इसके बाद बुवाई के 40 से 50 दिन बाद निराई – गुड़ाई करनी चाहिये।

## कटाई एवं गहाई

फसल 90 से 100 दिन में पककर तैयार हो जाती है। जब फूल आना बंद हो जाये और बीजों के गुच्छों का रंग भूरा हो जाये तब फसल कटाई के लिये तैयार मानी जाती है। कटाई के बाद फसल को खलिहान में छाया में सुखाना चाहिये।

## उपज

सिंचित क्षेत्रों में औसत उपज 12 से 18 क्विंटल एवं असिंचित क्षेत्रों 6 से 8 क्विंटल प्रति हेक्टयर प्राप्त होती है।

## भंडारण

दानों को सुखाने के पश्चात बोरियों में या कोठियों में भरकर नमीं रहित स्थानों में भंडारित करना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल शर्मा - कॉमेडियन या मेनिफेस्टेशन के किंग: गीता बसरा

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले एपिसोड में हमारे इंडस्ट्रियल आइकन्स के साथ धमाकेदार मस्ती करने के बाद, नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो इस बार शो के फैंस के लिए कुछ बेहद जाने-पहचाने चेहरों के साथ लौट रहा है। कपिल के कप्स कैफे में इस बार नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी नवजोत कौर, साथ ही हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा मेहमान बनकर आएंगे। यह एपिसोड पुराने दिनों की यादों से भरा होगा, जिसमें हमारे खास मेहमान अपनी दिलचस्प कहानियां शेयर करेंगे। ऐसी ही एक कहानी गीता बसरा ने शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे कपिल ने अनजाने में, सिर्फ अपनी शुभकामनाओं के जरिए, हरभजन और उनके चार सदस्यीय परिवार को 'मेनिफेस्ट' कर दिया। गीता बसरा ने कपिल से कहा, जब पहली बार हम आपके शो पर आए थे, हमारी नई-नई शादी हुई थी।

### भव्यतम 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव आयोजन: आध्यात्मिक एकता और समृद्धि का अनूठा पर्व

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच में 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल एवं पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर, डॉ. वसंत विजय जी महाराज के सानिध्य में 23 नवंबर तक चलने वाला यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर, एकता और समृद्धि का भव्य उत्सव है। इस महोत्सव में देश पर महामारी के संकट, आतंकवाद की चुनौतियों से मुक्ति व आर्थिक वृद्धि की कामना हेतु भैरव देव को 2024 प्रकार की मिठाइयां अर्पण की जा रही है। 8 कुंडीय महायज्ञ में 46 विद्वान पंडितों द्वारा भैरव देव की आराधना करते हैं, जिसमें एक कुंड में 11 पंडित और 7 कुंडों में 5-5 पंडित 9 दिन तक निरंतर यज्ञ करते हैं। इस महाअनुष्ठान का एक प्रमुख आकर्षण 84,000 वर्ग फीट में विशाल रंगोली का निर्माण, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक गुरुओं और राष्ट्र नायकों के चित्र उकेरे जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में परम पूज्य डॉ वसंत विजय जी महाराज के मुखरबिंद से कथा, साधना, महायज्ञ एवं महोत्सव के दौरान सभी भक्तों के लिए निशुल्क भोजन और सेवाएँ उपलब्ध कराई गई।

### विद्युत जामवाल ने डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही डेडपूल एंड वूल्वरिन को बहुत रोमांचक बताया

**मुंबई, एजेंसी।** एक्शन आइकन विद्युत जामवाल डिज़्नी+ हॉटस्टार पर डेडपूल एंड वूल्वरिन की रिलीज को लेकर बहुत उत्साहित हैं। अपने योद्धा जैसे अनुशासन के लिए मशहूर विद्युत को रयान रेनॉल्ड्स और ह्यूग जैकमैन द्वारा स्क्रीन पर दिखाया गया जबरदस्त एक्शन बहुत पसंद है। हाल ही में डिज़्नी+ हॉटस्टार पर विद्युत की फिल्म क्रैक रिलीज हुई थी, लेकिन इस बार वो एक फैन के रूप में लौटे हैं। वो मार्वल स्टूडियोज की लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर के रोमांच के लिए उत्साहित हैं, जिसमें बेहतरीन ह्यूमर और प्यारा ब्रोमांस देखने को मिलेगा। उनका दिलचस्प वीडियो उनके जामवालियंस को पुकार रहा है। डिज़्नी+ हॉटस्टार के सहयोग से निर्मित इस वीडियो में विद्युत अपने अंदर के एक्शन फैन के साथ फिल्म के हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस के बारे में बता रहे हैं।

### विश्व सीओपीडी दिवस 2024: बीमारी का पता शुरू में ही लगाने और उसके प्रबंधन के लिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को समझना

**भोपाल।** विश्व सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़) दिवस 2024 के भाग के रूप में, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम, अपने लंग फंक्शन को जानें के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है फेफड़े के कार्य के परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. निशांत श्रीवास्तव, एम.डी. पल्मोनरी मेडिसिन, भोपाल ने कहा, सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं। सीओपीडी के प्रबंधन में जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, भोपाल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. लोकेंद्र दवे ने बताया, सीओपीडी प्रबंधन का लक्ष्य रोग की प्रगति को धीमा करना और फेफड़ों की कार्यक्षमता में गिरावट को कम करना है।

# तमिल अभिनेत्री कस्तूरी शंकर हैदराबाद से गिरफ्तार, तेलुगू समुदाय पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

**चेन्नई, एजेंसी।**
ग्रेटर चेन्नई पुलिस द्वारा तैनात एक विशेष टीम ने तमिल अभिनेत्री कस्तूरी शंकर को शनिवार रात हैदराबाद के नरसिंगी स्थित एक फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया। चेन्नई के एग्मोर पुलिस की एक विशेष टीम ने अभिनेता को गिरफ्तार किया। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि एग्मोर पुलिस स्टेशन की एक टीम 16 नवंबर को हैदराबाद पहुंची और नरसिंगी स्थित उनके फ्लैट से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा कि कस्तूरी पर भारतीय न्याय संहिता अधिनियम 2023 की धारा 191 और 192 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने अभिनेत्री को गिरफ्तार कर लिया और ट्रांजिट पर चेन्नई ले जाएगी।

तमिल स्टार पर 3 नवंबर को चेन्नई में एक सभा के दौरान तेलुगू समुदाय के बारे में की गई विवादास्पद टिप्पणी के लिए जांच चल रही थी। कस्तूरी के खिलाफ अभद्र भाषा और तेलुगू समुदाय को निशाना बनाने के आरोप हैं। हालांकि उन्होंने इसका खंडन किया और दावा किया कि उनके बयानों को गलत ढंग से पेश किया गया। कस्तूरी द्वारा दायर अग्रिम जमानत को (14 नवंबर) मद्रास उच्च न्यायालय ने



खारिज कर दिया था। अभिनेत्री की जमानत याचिका खारिज करने वाले न्यायमूर्ति आनंद वेंकटेश ने कहा था कि उनकी टिप्पणियां अनुचित थीं। यह मामला कस्तूरी द्वारा 3 नवंबर को चेन्नई में एक ब्राह्मण सभा में की गई टिप्पणियों से उपजा है।

उन्होंने कथित तौर तमिलनाडु में रह रहे तेलुगू भाषी लोगों को वेश्याओं का वंशज बताया था। कस्तूरी के मुताबिक ये 300 साल पहले राजाओं की सेवा करने आए थे और अब खुद को तमिल मूल का बताते हैं। कस्तूरी की टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिसके कारण नायडू महाजन संगम राज्य कार्यकारी समिति के एक सदस्य ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। प्रतिक्रिया के जवाब में, कस्तूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक माफी जारी की, जिसमें दावा किया गया कि तमिलनाडु के गोएबल्स और हिंदू विरोधी डीएमके नेटवर्क द्वारा झूठी खबर फैलाई जा रही है। उन्होंने तेलुगू समुदाय के प्रति अपने प्यार और वफादारी का भी इजहार किया, उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लोग कभी भी उनके झूठ में नहीं फंसेंगे।

न्यायमूर्ति वेंकटेश ने कस्तूरी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उन्हें तेलुगू समुदाय की महिलाओं के खिलाफ बोलने से बचना चाहिए था। अदालत ने अभिनेत्री की टिप्पणियों की आलोचना की और उनकी माफी को अपर्याप्त पाया, क्योंकि इसमें महिलाओं के बारे में टिप्पणियों को सीधे संबोधित नहीं किया गया था। कस्तूरी ने अदालत में तर्क दिया कि एफआईआर राजनीति से प्रेरित थी, उन्होंने दावा किया कि डीएमके सरकार का उनके प्रति असहिष्णु और प्रतिशोधी रवैया था। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणियों ने तेलुगू समुदाय को भड़काने का काम नहीं किया है। 2024 के लोकसभा चुनावों में कस्तूरी ने भाजपा के लिए प्रचार किया था। लेकिन उनके इस बयान से तमिलनाडु इकाई ने किनारा कर लिया है।


हालांकि उन्होंने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि उनकी टिप्पणियों की गलत व्याख्या की गई। कस्तूरी के अनुसार, उनकी टिप्पणी का उद्देश्य डीएमके के पाखंड और दोहरे मानदंडों को उजागर करना था, न कि तेलुगू समुदाय का अपमान करना। कस्तूरी ने कहा कि उनकी टिप्पणी में उन श्रमिकों के एक विशिष्ट समूह का उल्लेख था जो सदियों पहले तेलुगू शासकों के साथ तमिलनाडु आए थे और बाद में तमिल पहचान ग्रहण कर ली थी। उन्होंने दावा किया कि उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर तेलुगू समुदाय पर व्यापक हमले का सुझाव दिया गया, जिसका उन्होंने खंडन किया। कस्तूरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पत्नी के वंशजों का नहीं, बल्कि पत्नी के कर्मचारियों का संदर्भ दिया था, और दिवंगत डीएमके नेता एम. करुणानिधि की इस स्वीकारोक्ति का हवाला दिया कि समूह में कारीगर और संगीतकार शामिल थे।

# नवनीत राणा की चुनावी जनसभा में बवाल, फेंकीं गईं कुर्सियां और जमकर नारेबाजी

**दरियापुर, एजेंसी।**
भाजपा की पूर्व सांसद रणनीत राणा की चुनावी सभा में शनिवार को भारी हंगामा हो गया। इस दौरान भीड़ काफी उग्र नजर आई और राणा की ओर कुर्सियां फेंकने लगी। गनीमत रही कि इस हमले में वह बाल-बाल बच गईं। नवनीत राणा महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद हैं। जिले के दरियापुर विधानसभा क्षेत्र में वह प्रचार के लिए पहुंची थीं। युवा स्वाभिमान पार्टी के उम्मीदवार रमेश बुंदीले के समर्थन में सभा आयोजित की गई थी। इस दौरान कुछ लोग उग्र हो गए और महिला सांसद की ओर कुर्सियां फेंकने लगे। साथ ही, जमकर नारेबाजी की गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार देर शाम आयोजित चुनावी बैठक चल रही थी। इस दौरान किसी बात पर बहस छिड़ गई और फिर हंगामा होने लगा। मामला इस हद तक बिगड़ गया कि कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। इस घटनाक्रम का वीडियो सामने आया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नवनीत राणा ने पूरी घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वह अपने समर्थकों के साथ खल्लार पुलिस स्टेशन पहुंची थीं। पुलिस का कहना है





कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी।

गौरतलब है कि पूर्व सांसद नवनीत राणा को बीते दिनों धमकी भरी चिट्ठी मिली थी। इसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। अधिकारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिए पत्र भेजा। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि यह पत्र 11 अक्टूबर को राणा के आवास पर एक कर्मचारी को मिला था। शिकायतकर्ता के मुताबिक पत्र भेजने वाले ने कहा कि उसने राणा की 'सुपारी' ली है और उनका यौन उत्पीड़न करने की धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।

# छात्रों ने टीचर की कुर्सी के नीचे रख दिया बम, रिमोट से किया धमाका; यूट्यूब से सीखा था तरीका

**हिसार, एजेंसी।**
हरियाणा के एक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों के एक समूह ने यूट्यूब पर बम बनाने के तरीका सीखकर बम बना दिया। इसके बाद उन्होंने शरारत करने के लिए उस बम को स्कूल की विज्ञान विषय की टीचर की कुर्सी के नीचे फिट कर दिया। उन्होंने रिमोट की मदद से बम को ब्लास्ट किया। सौभाग्य से, टीचर बाल-बाल बच गईं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। हालांकि, इस घटना के बाद उन छात्रों को एक सप्ताह के लिए स्कूल से निलंबित कर दिया गया है।

कुछ छात्रों ने महिला टीचर से डांट खाने के बाद बदला लेने का सोचा। एक छात्र ने उनकी कुर्सी के नीचे बम जैसा पटाखा रखा, जबकि दूसरे छात्र ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से उसे सक्रिय कर दिया। इसके बाद यह फटा। छात्रों ने बम बनाने का तरीका यूट्यूब से सीखा था और इसे रिमोट कंट्रोल से ऑपरेट किया था।

**शिक्षा विभाग की कार्रवाई:** हिसार जिले के शिक्षा विभाग ने इस खतरनाक शरारत के लिए कड़ी कार्रवाई की है। सभी 13 छात्रों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और घटना की गंभीरता से जांच शुरू की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना के बाद यह भी चर्चा हुई थी कि इन छात्रों को स्कूल से निकाल दिया जाए, लेकिन उनके माता-पिता ने माफी मांगते हुए यह लिखित बयान दिया कि वे भविष्य में इस तरह काम नहीं करेंगे।



**गांव में पंचायती बैठक:** इस घटना के बाद संबंधित गांव में पंचायत की बैठक भी बुलाई गई। बच्चों की इस शरारत के बारे में चर्चा की गई। पंचायत के दौरान यह जानकारी सामने आई कि कक्षा के 15 छात्रों में से 13 छात्र इसमें शामिल थे। वे इसके बारे में जानते थे। सभी छात्रों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह विचार किया जा रहा है कि इस पर कोई और कार्रवाई की जाए या नहीं।जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने बताया कि शिक्षिका ने उन छात्रों को माफ कर दिया है। उन्होंने कहा, अगर ये बच्चे एक मॉडल बनाकर उसे प्रस्तुत करते तो हम उनका सम्मान करते, लेकिन अब यह मामला चेतावनी देने के साथ सुलझा लिया गया है। इन बच्चों ने यह सब यूट्यूब से सीखा था। इस घटना ने स्कूल प्रशासन और शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ऑनलाइन सामग्री का बच्चों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ सकता है और किसे किस सीमा तक नियंत्रित किया जाना चाहिए।

# पीएम मोदी ने आरोप साबित कर दिए तो छोड़ दूंगा राजनीति: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी के उन आरोपों की आलोचना की कि कांग्रेस सरकार ने राज्य में लोगों को लूटा और उसे इलेक्शन में खर्च किया। शनिवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में सीएम सिद्धारमैया ने चुनौती दी कि प्रधानमंत्री को अपने आरोप साबित करें। उन्होंने कहा कि अगर आरोप सही साबित हुए तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। मालूम हो कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। सीएम सिद्धारमैया ने शनिवार को सोलापुर में महा विकास अघाड़ी के लिए प्रचार करने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पीएम मोदी के आरोपों को सरासर झूठ बताया और चुनौती भी दे डाली। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी आते हैं और सफेद झूठ बोलकर चले जाते हैं। अगर वह अपने आरोप साबित कर देंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। आखिर



मोदी मेरी चुनौती को स्वीकार क्यों नहीं करते हैं? क्या उन्हें किसी बात का डर है? सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम मोदी दावा कहते हैं कि कल्याण गारंटी अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। मगर, भाजपा ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में चुनावों के दौरान इसी तरह की गारंटी दी थी। आखिर प्रधानमंत्री झूठ का सहारा क्यों ले रहे हैं? मोदी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं भी दिखाई हैं। इसके तहत अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं हुआ। सोलापुर में कुछ दिनों पहले ही पीएम मोदी की चुनावी रैली हुई थी।

# वे कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे महाराष्ट्र में चुनाव जीतना चाहते हैं: फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू, एजेंसी।**
नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कांग्रेस पर आर्टिकल 370 को लेकर लगातार हो रहे बीजेपी के हमलों को महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी जीत हासिल करने का एक हथकंडा बताया। फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस पर बीजेपी हमला कर रही है। चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या गृहमंत्री अमित शाह, वे लगातार कांग्रेस पर चिल्ला रहे हैं ताकि चुनाव जीत सकें। वे कांग्रेस को इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे महाराष्ट्र में चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें कांग्रेस को कमजोर नहीं करने देंगे।

ऑक्सफोर्ड यूनियन द्वारा आयोजित स्वतंत्र कश्मीर पर हुई विवादास्पद बहस पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने इसे पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, कुछ लोग ऐसा करना चाहते हैं, लेकिन मैं इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं? मैं वहां नहीं था। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने मुझे आमंत्रित नहीं किया। स्वतंत्र



होना इतना आसान नहीं है। हम परमाणु शक्तियों पाकिस्तान और चीन से घिरे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था का क्या होगा? जो लोग ऐसा सोचते हैं, वे विदेश में रहते हैं और यहां की स्थिति से अनजान हैं। हम भारत का हिस्सा हैं और हमेशा रहेंगे।

बीजेपी के चुनावी नारे 'कटेंगे तो बंटेंगे' पर तंज कसते हुए अब्दुल्ला ने कहा, यह कैसा नारा है? मैं इसे समझ नहीं पाता। क्या भारत एक नहीं है? क्या हम एकजुट नहीं हैं? भारत विविधता में एकता का प्रतीक है और हमें इस विविधता को मजबूत करना चाहिए, जिससे भारत और मजबूत होगा। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने में हो रही देरी पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, आप केंद्र सरकार से किस प्रकार की प्रतिक्रिया चाहते हैं? राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। पहले लोग कहते थे कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं होंगे, लेकिन चुनाव हुए। बीजेपी ने सरकार बनाने का दावा किया था, लेकिन क्या हुआ? हवाई किले बनाना अच्छा नहीं है।

# महाराष्ट्र में गरमाया वोट जिहाद का मुद्दा, फडणवीस बोले- धर्मयुद्ध करना होगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक खींचतान बढ़ती जा रही है। वोट जिहाद का मुद्दा भी इन दिनों खूब गरमाया हुआ है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे में चुनावी रैली में इस्लामिक विद्वान सज्जाद नोमानी का वीडियो दिखाकर वोट जिहाद का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि कहा जा रहा है कि जो व्यक्ति भाजपा को वोट देता है, उसे बहिष्कृत कर दिया जाना चाहिए। फडणवीस ने कहा, 'अगर ये लोग वोट जिहाद करने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे कह रहे हैं कि वे वोट जिहाद के जरिये सरकार को अस्थिर कर देंगे, तो आपको भी वोटों का धर्मयुद्ध करना होगा।'

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पूछा कि क्या फडणवीस की ओर से किया गया वोटों के धर्मयुद्ध का आह्वान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।




ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले उनसे उनकी पार्टी के चुनावी गान से 'जय भवानी, जय शिवाजी' शब्द हटाने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच निर्वाचन अधिकारियों ने नागपुर में 14.5 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि आभूषणों और अन्य रूप में सोना गुजरात की कंपनी सीक्वल लॉजिस्टिक्स द्वारा ले जाया जा रहा था, तभी उड़नदस्ता ने उसे पकड़ लिया। महाराष्ट्र में 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

बालासाहेब के विचारों के लिए लड़ रहे- संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर कहा, आज हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे का स्मरण दिवस है। 12 साल बीत गए बालासाहेब हमें केवल शारीरिक रूप से छोड़कर गए हैं, उनके विचार अभी भी हमारे साथ हैं। इस चुनाव में हम बालासाहेब के विचारों के लिए लड़ रहे हैं। बालासाहेब ने शिवसेना की स्थापना इसलिए की ताकि महाराष्ट्र में धर्म की रक्षा हो, यहां के मराठी मानुस के स्वाभिमान की रक्षा हो, हमारे विचारों की रक्षा हो। हमारे न्याय और अधिकार जिनकी बालासाहेब ने बात की थी, वे खतरे में हैं। आज उन्हें और उनके विचारों को याद करने का दिन है। हम उनके विचारों के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा, क्या शरद पवार को हिंदुओं के बारे में बोलने में शर्म आती है या उन्हें डर लगता है? मौलाना खलीलुर रहमान सज्जाद नोमानी जैसा कोई बयान नहीं देता कि अगर कोई हिंदू भाजपा के खिलाफ वोट करता है, तो उसका सामाजिक बहिष्कार करें और उसका नाम अब्दुल रहमान रखें। हिंदुत्व में ऐसी भाषा नहीं होती। शरद पवार ने ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड और मराठी मुस्लिम सेवा संघ को समर्थन दिया है। शरद पवार ने वोट जिहाद जैसी बातें फैलाईं। राहुल गांधी, सलमान खुर्शीद का परिवार वोट जिहाद फैलाता है। उन्हें शर्म आनी चाहिए। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भाजपा पर विभाजनकारी' राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भले ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और चिह्न 'चुरा' लिया हो, लेकिन उनकी घड़ी ने टिक-टिक करना बंद कर दिया है। कुमार ने मुंब्रा में एक रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार के प्रति वफादारी दिखाने के लिए राकांपा-शरदचंद्र पवार के विधायक जितेंद्र अवहाद की तारीफ की।

4 ओवर, 8 रन और 5 विकेट...

## 18 साल की बॉलर ने तो नया इतिहास ही लिख दिया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में चल रही महिला बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट की युवा गेंदबाज लूसी हैमिल्टन ने इतिहास रच दिया है। सिर्फ 18 साल की उम्र में हैमिल्टन ने मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने एक मेडन ओवर भी डाला।



## क्रिकेट से कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेंगे सूर्यकुमार यादव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के



कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका में जबरदस्त कामयाबी हासिल की और 4 मैचों की टी20 सीरीज को 3-1 से जीत लिया। भारत को इतनी बड़ी कामयाबी दिलाने के बाद सूर्यकुमार यादव अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई टीम के लिए खेलते हुए नजर आएँगे। हालांकि टीओआई के मुताबिक वो इस टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

**मुंबई के लिए खेलेंगे सूर्यकुमार यादव**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सूर्या व्यक्तिगत कारणों से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 के पहले चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। भारतीय टी20 कप्तान आखिरी कुछ मैचों में खेलने के लिए वापसी करेंगे और अगर मुंबई आगे के चरण के लिए क्वालिफाई करती है तो वह नॉकआउट में भी खेलेंगे। सूत्र के मुताबिक सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट के लिए दिसंबर की शुरुआत से उपलब्ध होंगे। वो मुंबई के लिए कुछ आखिरी लीग मैच में हिस्सा लेंगे और फिर टीम आगे बढ़ती है को नॉकआउट चरण के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।

**23 नवंबर से शुरू होगा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

सूर्यकुमार यादव के मुंबई टीम में शामिल होने से इस टीम की बल्लेबाजी मजबूत होगी साथ ही साथ सूर्या अच्छे प्रदर्शन के जरिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भी अपना दावा ठोक सकते हैं जो अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके टीम में होने से युवा खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस सीजन की शुरुआत 23 नवंबर से होगी।



भारत ने चीन के साथ किया उलटफेर

# भारत ने चीन को 3-0 से हराया

- **चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बनाई जगह**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। ऐसे में मेजबान टीम का मैच चीन से था, जिसमें उन्होंने कमाल कर दिया। भारत ने चीन को 3-0 से हरा दिया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। टीम इंडिया का मुकाबला अब जपान से होगा।

टीम इंडिया के लिए गुड न्यूज...

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलेंगे केएल राहुल, शुभमन गिल बाहर!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था. अब भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंची है. इस टूर पर भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भी भारत के लिए यह सीरीज काफी अहम है. टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर (शुक्रवार) से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाना है.

**तो पर्थ टेस्ट में खेलेगा ये धुरंधर, रोहित-गिल बाहर!**

पर्थ टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने एक बार फिर नेट्स पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है. राहुल भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद चोट खा बैठे थे. राहुल के दाएं कोहनी में चोट लगी थी. इसके चलते उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था. हालांकि राहुल अब पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं. केएल राहुल के पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में यशस्वी जायसवाल संग पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है. बता दें कि रोहित का पर्थ टेस्ट में खेलना मुश्किल है. रोहित दूसरी बार पिता बने हैं और वो अभी कुछ दिन फैमिली के साथ रहना चाहते हैं. रोहित के एडिलेड टेस्ट के लिए टीम से जुड़ने की संभावना है. उधर शुभमन गिल के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना ना के बराबर है. प्रैक्टिस मैच में दूसरे स्लिप पर कैच लेने के दौरान शुभमन गिल के बाएं अंगूठे में चोट लग गई. वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए थे. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के एक सूत्र ने समचार एजेंसी को बताया कि गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, उनका समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा. अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं, जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है.

एडिलेड में दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू हो रहा है, तो संभावना है कि शुभमन गिल उस मैच के लिए समय पर फिट हो जाएंगे. प्रैक्टिस के दौरान सरफराज खान की भी कोहनी में चोट लग गई थी. वह अपनी कोहनी पकड़े हुए बाहर जाते नजर आए थे. हालांकि सरफराज पर्थ टेस्ट के लिए फिट हो गए हैं.

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सरफराज ने एक मैच में 150 रनों की पारी खेली थी. देखा जाए तो केएल राहुल का हालिया प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है. राहुल बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे और दूसरे टेस्ट में 12 रन बनाकर पवेल?यन लौट गए थे. इसके बाद उन्हें बाकी के दो मैचों में प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली थी. ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भी केएल राहुल के बल्ले से रन नहीं निकले, जहां वो भारत-ए टीम का पार्ट थे. राहुल पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 10 रन बना सके थे.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड:**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर.

पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉडः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

**भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा**

(नवंबर 2024 - जनवरी 2025)

22-26 नवंबर- पहला टेस्ट, पर्थ

6-10 दिसंबर- दूसरा टेस्ट, एडिलेड

14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन

26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न

03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

मैक्ग्रा बोले...

## कोहली इमोशनल उन्हें टारगेट बनाओ



**पर्थ, एजेंसी।** यह फोटो 5 जनवरी 2019 की है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ग्लेन मैक्ग्रा ने विराट कोहली को पिंक कैप दी थी। वह मैच ड्रॉ रहा और भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में 2-1 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी है।

54 साल के इस दिग्गज ने कहा, आउट ऑफ फॉर्म चल रहे कोहली खराब शुरुआत के दबाव में होंगे। कंगारुओं को उन्हें टारगेट बनाना चाहिए। न्यूजीलैंड से हार के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पास उनके खिलाफ काफी गोला-बारूद है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। टीम इंडिया को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है और यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। भारत को अपने दम पर फाइनल तक पहुंचने के लिए 5 में से 4 मैच जीतने ही होंगे।

मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियन मीडिया हाउस फॉक्स क्रिकेट से कहा, कोहली पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। फॉक्स ने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय बैटिंग के लीडर रहे कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल 6 मैचों में उनका औसत 22.72 का रहा है।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर पाए। खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से पहले चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं।

## जून में मेरी मौत नजदीक थी... माइक टायसन बोले- आखिरी बार रिंग में उतरने का मुझे कोई पछतावा नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व विश्व हैवीवेट चैंपियन माइक टायसन ने शनिवार को कहा कि उन्हें रिंग में आखिरी बार उतरने और मैच में जेक पॉल से हारने का कोई पछतावा नहीं है।

58 वर्षीय इस महान मुक्केबाज को शनिवार को डलास काउबॉय के ए.टी एंड टी स्टेडियम में 27 वर्षीय यूट्यूब फाइटर पॉल से बस कुछ पॉइंट के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच को दुनिया भर में 72,300 प्रशंसकों ने देखा और 60 मिलियन से ज्यादा घरों में यह प्रसारित हुआ। टायसन ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, यह उन स्थितियों में से एक है जब आप हार गए, लेकिन फिर भी जीत गए। आखिरी बार रिंग में



आने का कोई पछतावा नहीं है। टायसन ने कहा कि वह स्वास्थ्य समस्याओं के कारण जून में मौत के नजदीक थे। हालांकि, उन्होंने उससे लड़ाई की और आखिरी बार रिंग में वापसी का जुनून बनाया। उन्होंने कहा कि यह केवल लड़ने के लिए और रिंग में उतरने के लिए परेशानियों पर मेरी एक जीत थी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई जुलाई में होने वाली थी, लेकिन उन्हें इसे स्थगित करना पड़ा था।

मियामी से लॉस एंजिलिस तक की फ्लाइट में उन्हें खून की उल्टी हुई थी। स्वास्थ्य समस्या होने के बावजूद उन्होंने अब रिंग में वापसी की। टायसन ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं जून में लगभग मर गया था। आठ रक्त संक्रमण थे।

## विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024 का भव्य आगाज

**मोंटेसिल्वानो, एजेंसी।** इटली में आयोजित हो रही विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2024 का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता कांग्रेस सेंटर पाला डीन मार्टिन में हो रही है, जो 80 देशों के 716 खिलाड़ियों को एक ही हॉल में समेटने के लिए पर्याप्त रूप से विशाल है। आयोजकों ने सभी आधिकारिक होटलों को खेल स्थल के चारों ओर व्यवस्थित किया है, ताकि खिलाड़ियों को हॉल तक पहुंचने के लिए केवल पांच मिनट की पैदल दूरी तय करनी पड़े। यह व्यवस्था खिलाड़ियों के साथ आए परिजनों के लिए भी सुविधाजनक साबित हो रही है।

इस बार इतिहास रचते हुए, चैंपियनशिप में सभी बोर्ड लाइव हैं और डीजीटी शतरंज बोर्ड के जरिए दुनिया भर में प्रसारित किए जा रहे हैं। साथ ही, आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव वीडियो टेलीकास्ट की व्यवस्था भी की गई है, जिससे




शतरंज प्रेमी घर बैठे मैच का आनंद ले सकें। खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए आयोजकों ने अभिभावकों के लिए विशेष क्षेत्र, गेम विश्लेषण जोन और शतरंज की किताबें व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए एक स्टॉल भी लगाया है।

चैंपियनशिप के सुचारू संचालन के लिए 31 मुख्य निर्णायक और 3 फेयर प्ले निर्णायक की टीम जुटी हुई है।

प्रतियोगिता शुरू होने से पहले, 80 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक तकनीकी बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य निर्णायक और अधिकारियों ने नियमों और विनियमों की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों में लुइगी मैगी, इटालियन शतरंज संघ के अध्यक्ष;ओज़गुर सोलाकोगलू, फिडे प्रतिनिधि; ओट्टावियो डी मार्टिनिस, मोंटेसिल्वानो के मेयर; और ग्रैंडमास्टर रॉबर्टो मोग्रांज़िनी, टूर्नामेंट के महा निदेशक उपस्थित थे।

# चौथे टी-20 में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया, लुईस और होप ने अर्धशतक जमाए

**सेंट लूसिया, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने अपने घरेलू मैदान पर टी-20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया है। टीम ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 मुकाबले में 5 विकेट से हराया। हालांकि, मेजबान टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से पीछे चल रही है। आखिरी मुकाबला रविवार रात को खेला जाएगा। सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में शनिवार रात विंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम ने फिल सॉल्ट (55 रन) और जैकब बिथेल (62 रन) की फिफ्टी के सहारे 218 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज के बैटर्स ने 219 रन का टारगेट 19 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर दिया। शाई होप प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। साथ ही इवेन लुईस के साथ 55 गेंद पर 136 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

निकोलस पूरन ने 102वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला। वे वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा खेलने वाले प्लेयर बने। पूरन ने कायरन पोलार्ड (101 मैच) को पीछे छोड़ा। वेस्टइंडीज की वापसी, सीरीज गंवा चुकी है इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी की है। हालांकि, टीम अब भी 1-3 से पिछड़ रही है। इससे पहले इंग्लैंड ने शुरुआती 3 मुकाबले जीतते हुए सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबले में भी विंडीज हार का अंतर कम कर सकेगी।

विंडीज ने पहली बार घर में 200+ का टारगेट चेज किया वेस्टइंडीज की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहली बार 200 रन से ज्यादा का

**विंडीज का घर में सबसे बड़ा रन चेज**



टारगेट चेज किया है। इससे पहले 194 रन टीम का बेस्ट रन चेज था, जो विंडीज की टीम ने इंडिया के खिलाफ किंग्स्टन में 2017 में किया था।

ओपनर्स की फिफ्टी पार्टनरशिप, करेन बिथेल ने 200 पार पहुंचाया टॉस हारकर बैटिंग कर रही इंग्लैंड के ओपनर फिल सॉल्ट ने विल जैक्स के साथ शानदार शुरुआत की। उन्होंने 35 बॉल पर 54 रन बनाए और जैक्स के साथ 54 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने ब्रेक किया। उन्होंने विल जैक्स को विकेटकीपर पूरन के हाथों कैच कराया। कप्तान जोस बटलर ने 38 रन का योगदान दिया। फिर जैकब बिथेल ने 32 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने सैम करन (24 रन) के साथ 30 बॉल पर 63 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी के दम पर टीम 218 रन का स्कोर बनाने में कामयाब रही। लुईस-होप की सेंचुरी पार्टनरशिप, टीम ने 136 के स्कोर पर 3 विकेट गंवाए 219 रन का टारगेट चेज करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने मजबूत शुरुआत की। इवेन लुइस और शाई होप ने 136 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप करके टीम को तेज शुरुआत की।

लेकिन, 10वां ओवर लेकर आए रेयान अहमद ने पहली बॉल पर लुईस को मुसली के हाथों कैच कराया। अगली ही बॉल पर शाई होप रन आउट हो गए। फिर ओवर की तीसरी बॉल पर रेयान अहमद ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। अब दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में कप्तान रोवमन पॉवेल ने शिमोरन हेटमायर (7 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारियां की।

## संक्षिप्त समाचार

### धरती आबा से प्रेरणा लेने की जरूरत: तिर्की

**रांची, एजेंसी।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद और चुनवा टोली सरना समिति की ओर से शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। खादगढ़ा बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। परिषद के महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि हमें धरती आबा से प्रेरणा लेने की जरूरत है। महादेव बड़ाईक, सुशील लुगून, आकाश तिर्की, पितरुस एक्का, फैड्रिक तिग्गा, अभय तिग्गा, जेम्स लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बाल कल्याण संघ, रांची कार्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कमड़े स्लम और खूंटी के मुरहू प्रखंड के 200 बच्चों और अभिभावकों ने भाग लिया। सीडब्ल्यूसी रांची की पूर्व चेयरमैन रूपा वर्मा ने अपने विचार रखे। बीकेएस के निदेशक संजय मिश्रा ने गुड और बैड टच की जानकारी दी। देवनाथ प्रसाद, पवन पांडेय, कृपाल कुमार व अन्य मौजूद थे।

### टेल्को में बिरसानगर निवासी की गोली मारकर हत्या

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टेल्को थाना अंतर्गत तार कंपनी कॉलोनी में शनिवार दिन के 12 :00 बजे सुनील नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बाइक से अपने घर की तरफ जा रहा था कि पहले से पीछा कर रहे हैं बदमाशों में उसे गोली मारी। मौके से उठाकर उसे टाटा मोटर्स अस्पत ले जाया गया जहां उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। हत्या आपसी रंजिश का परिणाम बताया जा रहा है। सुनील बिरसानगर जोन नंबर चार का निवासी था और वह अपनी बाइक से साकची के बाराद्वारी में फिजियोथैरेपी कराकर टेल्को सीटू तालाब के रास्ते घर की तरफ जा रहा था तभी उसे गोली मारी गई। सुनील कलवा इंचार्ज और पिछले कुछ दिनों से बिट्टू नामक युवक के द्वारा उसे रंगदारी मांगी जा रही थी। आशंका है कि इसी रंगदारी में ही उसे गोली मारी गई है।

### क्षेत्र का विकास ही प्राथमिकता : श्वेता सिंह

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो विधानसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने शनिवार को चास नगर निगम क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत की। श्रीमती सिंह गणेश स्वर्णकार के नेतृत्व में हुई फुटपाथ दुकानदार संघ चास की बैठक में शामिल होकर उनकीसमस्याओं से अवगत हुईं। फिर चास के पूर्व मेयर भोलू पासवान की माताजी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विस्थापित चौक में उत्तम गोप के नेतृत्व में हुए जनसभा में श्वेता सिंह ने उपस्थित महिलाओं को झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्रीमती सिंह ने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में यहां के जनप्रतिनिधि ने शहरी निवासियों, विस्थापितों और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया है, जिसके चलते यहां का विकास अधूरा रह गया है। कहा कि बोकारो के निर्माण में यहां की आम जनता और विशेषकर विस्थापित परिवारों का अहम योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि बोकारो की उन्नति में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी और स्व समरेश सिंह दादा के अधूरे सपनों को पूरा करने का कार्य करुंगी। क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है।

### चुनाव में व्यस्त हुए किसान, धान कटने का इंतजार

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में छठ पूजा समाप्त होते ही फसल की कटाई शुरू होती है। इस बार नजारा बदला-बदला दिख रहा है। गांव के किसान नेताओं की सभा में भीड़ बढ़ाने पहुंच रहे हैं। चुनावी रंग में रंग चुके धनबाद के किसान खेत न जाकर चुनावी सभा में जा रहे हैं। नतीजतन कई गांवों में अबतक धन कटनी शुरू नहीं हुई। खेतों में लगी फसलों की बालियां पक कर तैयार हो गई हैं। धनबाद में इस बार शानदार बारिश के कारण अच्छी खेती हुई है। समय पर धन रोपनी की वजह से खेतों में फसल लहलहा रही है। हर साल 15 नवंबर तक धन कटनी शुरू हो जाती है, लेकिन अबतक धनबाद में धन कटनी का काम न के बराबर शुरू हुआ है। पिछले एक हफ्ते से धनबाद में बड़े नेताओं की रैलियां हो रही है। रैलियों में भीड़ जुटाने के लिए किसानों को ले जाया जा रहा है। दिनभर रैली में व्यस्त रहने वाले किसान खेतों तक नहीं पहुंच रहे हैं।

# पाकुड़ के आजसू प्रत्याशी अजहर पर बम से हमला, गाड़ियां क्षतिग्रस्त, मौके पर पहुंचे अधिकारी



**साहिबगंज, एजेंसी।** पाकुड़ विधानसभा सीट से आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर कोटालपोखर के विजयपुर में अपराधियों ने बमों से हमला कर दिया। उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, वह बाल-बाल बच गए।

घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, कोटालपोखर थानेदार चंदन कुमार भैया के साथ-साथ आसपास के कई थाना क्षेत्रों की पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। अजहर इस्लाम बरहड़वा से जनसंपर्क कर वापस लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई।

उनकी ओर से एक वीडियो जारी किया गया जिसमें वाहन पर बम चलने के निशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वी हार के डर से बौखला गए हैं। उनपर दूसरी बार जानलेवा हमला कराया गया है। कहा कि क्या यह बंगाल है मैं पूछता हूं यहां की हेमंत सरकार व यहां के प्रशासन से कि यह कहां तक उचित है।

इसका खामियाजा विपक्ष को हार से मिलेगा। जीवन में पहली बार चुनावी मैदान में आया तो विपक्ष जान लेने पर उतारू हो गया। अगर ताकत है लोकतंत्र के तरीके से लड़ो। उधर, एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि प्रत्याशी ने हमले की शिकायत की है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

महेशपुर एसटी सुरक्षित विधानसभा सीट में महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी प्रोफेसर स्टीफन मरांडी एवं एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी नवनीत हेंब्रम के बीच कांटे की लड़ाई है।

इस चुनाव में स्टीफन जहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी नवीनीत हेम्ब्रम महेशपुर में 25 सालों से बंजर रही भूमि पर कमल खिलाने के लिए आतुर दिख रहे हैं। नवनीत राजनीति में नया चेहरा हैं और महेशपुर में पुलिस अधिकारी रहते यहां काफी लोकप्रिय हो गए थे। यही कारण है कि इस बार वे स्टीफन को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। हालांकि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के जीत का रिकार्ड काफी बेहतर है। दो बार से जीतते रहे हैं स्टीफन प्रो। स्टीफन मरांडी पिछले दो विधानसभा चुनाव 2014 एवं 2019 में झामुमो की टिकट पर महेशपुर से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

इस दौरान वे बीस सूत्री के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए। इस चुनाव में स्टीफन अपनी बेटी के लिए पार्टी से टिकट चाह रहे थे परंतु महेशपुर के मजबूत भाजपा प्रत्याशी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

वहीं, इस बार भाजपा ने पिछले प्रत्याशी व पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन का टिकट काट पुलिस अधिकारी की नौकरी छोड़ आए नवनीत हेम्ब्रम को प्रत्याशी बनाया है। यहां नवनीत की बेहतर छवि ने यहां के समर को काफी रोचक बना दिया है। महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को पहली जीत 1999 के चुनाव में मिली थी। उस समय यह बिहार का हिस्सा था। यहां से भाजपा के टिकट पर देवीधन बेसरा विधायक चुने गए थे। साल 2000 में झारखंड बनने के बाद देवीधन बेसरा को बाबुलाल मरांडी की सरकार में मंत्री बनाया गया था।

इसके बाद से महेशपुर सीट पर भाजपा के फूल नहीं खिल सके हैं। हालांकि देवीधन राजमहल लोकसभा क्षेत्र से एक बार सांसद भी चुने गए थे।

# पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि महिला हॉकी प्रतिगिता में रांची विश्वविद्यालय की टीम चैंपियन



**रांची , एजेंसी।** पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने खिताब पर कब्जा जमा लिया है। ओडिशा के संबलपुर में शनिवार को रांची विवि और भुवनेश्वर के किट विवि के बीच खेला गया मैच बराबरी पर रहा। रांची विश्वविद्यालय की टीम लीग मैचों में अपने प्रदर्शन के आधार पर चैंपियन बन गई। रांची विवि ने लीग में खेले गए के अपने तीनों मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। अपने पहले मैच में मेजबान संबलपुर को 2-0 से पराजित कर विजय अभियान की शुरुआत की। इसके बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-3 गोल से पराजित कर अपना विजय अभियान को जारी रखा। इस तरह कुल पांच अंकों के साथ रांची विवि ने चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमाया।

इस जीत के साथ रांची विश्वविद्यालय की टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर गई है। यह प्रतियोगिता जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली में खेली जाएगी।

# झारखंड चुनाव राज्य की संस्कृति, अस्मिता और परंपरा को बचाने की लड़ाई: हिमंता



**जामताड़ा, एजेंसी।**

असम के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ राजनीतिक दलों के बीच नहीं बल्कि झारखंड की संस्कृति, अस्मिता और परंपरा को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड के कुछ जिलों में शुक्रवार को स्कूल बंद किए जाते हैं तो हमें भी मंगलवार को स्कूल बंद करने का अधिकार है। सरमा ने शनिवार को जामताड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसे नेताओं पर समाज को बांट कर चुनाव जीतने का आरोप लगाया। अगर समाज एकजुट हो जाए, तो इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर आप लालच में वोट करते हैं तो समाज को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड में धार्मिक असंतुलन को लेकर सवाल उठाए और इसे समाज के हितों के खिलाफ बताया। हिमंता बिस्वा सरमा ने लोगों से अपील की कि वे समाज को एकजुट रखें और समाज को तोड़ने वाले नेताओं को नकारें।

# इंडिया और एनडीए दोनों के लिए शोले साबित हो रहा रामगढ़ जेएलकेएम के उम्मीदवार गांव-गांव जाकर बढ़ा रहे दोनों की मुश्किलें

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड का एक जिला फिल्म इंडस्ट्री का रामगढ़ तो नहीं है, लेकिन एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी और इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ममता देवी के लिए यह जगह शोले जरूर साबित हो रही है। बेहद आसान इस सीट को जेएलकेएम के उम्मीदवार ने हॉट सीट बना दिया है। यही वजह है कि दोनों गठबंधन को अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

एक तरफ जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी को जिताने के लिए हेलीकॉप्टर उतार दिया। तो दूसरी तरफ रामगढ़ के विकास पुरुष के रूप में विख्यात सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक एक-एक घर में वे जाकर सुनीता चौधरी को वोट देने की अपील कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता देवी को जिताने के लिए कांग्रेस के प्रखर राजनीतिक सलाहकार गुलाम अहमद मीर ने रामगढ़ में कैंप कर रखा है। साथ ही झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन गांव में उनके लिए प्रचार कर रहे हैं।



**नॉमिनेशन से ही हर व्यक्ति को जोड़ने की शुरू हुई थी कवायद :** नामांकन के दिनों से ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने एक-एक व्यक्ति को अपने पक्ष में जोड़ने की कवायद शुरू कर दी थी। कुछ ऐसे भी नागरिक हैं, जो चुनावी मैदान में किस्मत आजमाते। लेकिन चंद्र प्रकाश चौधरी के आग्रह पर उन लोगों ने अपना नामांकन ही दर्ज नहीं कराया। यहां तक की चुनाव प्रचार में वे अब उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस की नेत्री और जिला पार्षद प्रीति दीवान को भी अपनी पार्टी में शामिल कर यह संदेश दिया है कि वे कोई भी दांव चलने से चूकेंगे नहीं।

रामगढ़ सीट चंद्र प्रकाश चौधरी के लिए बेहद अहमियत रखता है। इस सीट से वह लगातार तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 में जब उन्होंने गिरिडीह से सांसद का चुनाव जीता तो उनकी पत्नी सुनीता चौधरी यहां से उम्मीदवार बनी। यहां सुनीता चौधरी को ममता देवी ने करारी शिकस्त दी और चंद्र प्रकाश चौधरी के हाथ से यह सीट निकल गई। इस हार को चंद्र प्रकाश चौधरी ज्यादा दिन तक बर्दाश्त नहीं कर पाए।

3 साल बाद जब ममता देवी की सदस्यता चली गई, तो उपचुनाव में एक बार फिर चंद्र प्रकाश चौधरी ने दोबारा एंट्री मारी। उन्होंने अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को उपचुनाव में जीता कर इस हार का बदला लिया।

**ममता भी लेना चाहती है पति के हार का बदला :** झारखंड की राजनीति में ममता देवी का उदय चंद्र प्रकाश चौधरी के खिलाफ लड़ाई लड़कर ही शुरू हुई थी। उनका यह संघर्ष 2019 में जीत का कारण बना और वह विधानसभा पहुंच गई थी। लेकिन 3 साल बाद ही आईपीएल गोली कांड में एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें सजा दी और उनकी सदस्यता चली गई। उपचुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया।लेकिन जनता के बीच वह अपने पैर नहीं जमा पाए। अब एक बार फिर चुनाव में 2019 की तरह ही सुनीता चौधरी और ममता देवी आमने-सामने हैं। ममता भी अपने पति की हार का बदला लेना चाहती हैं और वह लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं।

# तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा : हेमंत सोरेन




**रांची , एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा की तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट पर आगे लिखा है कि वृहद झारखंड को अलग अलग टुकड़ों में अन्य राज्य में रहने दिया। अब भाजपा झारखंड को टुकड़े टुकड़े करना चाहती है। भाजपा सासंद संसद में बयान देते है कि संथाल को अलग कर देंगे।

**उड़ीसा के मुख्यमंत्री को सरायकेला खरसावां उड़ीसा में चाहिए :** सोरेन ने लिखा कि उड़ीसा के मुख्यमंत्री को सरायकेला खरसावां उड़ीसा में चाहिए। पर झामुमो और मेरे खून का एक-एक कतरा तब तक इनसे लड़ेगा, जब तक ये हार नहीं जाते। झारखंड एक था, एक है और एक रहेगा। राज्य की मंईयां ने तानाशाहों के ख़िलाफ़ उलगुलान का आह्वान कर दिया है। कहा कि झारखण्ड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा, भगवान सिदो-कान्हू के नाम पर होगा। अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा।

# 40 सालों तक भाकपा के डॉ विश्वेश्वर खां ने किया प्रतिनिधित्व, 2014 से लगातार झामुमो के रविंद्रनाथ महतो ने मारी बाजी

**रांची, एजेंसी।** डॉ विश्वेश्वर खां 40 वर्ष तक एक ही पार्टी भाकपा के बैनर तले विधायक की भूमिका में रहे। अविभाजित बिहार के समय 1990 में कांग्रेस पार्टी की राजकुमारी हिम्मत सिंहका को छोड़ नाला सीट से 1962 से 1967 और 1969, 1972, 1977, 1980, 1985, 1995, 2000 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से डॉ विश्वेश्वर खां ने विधायक बन कर एकीकृत बिहार झारखंड में अनोखा इतिहास बनाया।

नाला विधानसभा की पहचान लेनिनग्राद के रूप में होती थी। जामताड़ा-नाला क्षेत्र के लोग आज भी डॉ। विशेश्वर खां को डॉ बाबू के रूप में सम्मान पूर्वक याद करते हैं। वे एकीकृत बिहार विधानसभा में चार लोकलेखा समिति में रहे और बहुचर्चित दवा घोटाला को उजागर किए थे। डॉ खां बिहार विधानसभा एवं झारखंड विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर चुने गए। उन्हें राजनीति में वंशवाद-परिवारवाद कतई पसंद नहीं था।

झारखंड अलग राज्य निर्माण के बाद 2005 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता रविंद्र नाथ महतो ने उनके अजेय पारी पर विराम लगाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहराया। डॉ खां के हारने के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जनाधार घटते गया। शिबू सोरेन की लोकप्रियता के कारण आदिवासी वोट झामुमो में शिफ्ट होते गया, लेकिन 2009 के विस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सत्यानंद झा बाटुल ने कब्जा जमाया।

वर्तमान विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने जनभावनाओं को भांपते हुए तथा हार के कारणों को दूर कर फिर 2014 के विस चुनाव में सत्यानंद झा बाटुल को हार का स्वाद चखाया और फिर चुनाव जीतने में सफल रहे। 2019 की चुनाव में भी रविंद्र नाथ महतो ने सत्यानंद झा को कड़ी टक्कर देते हुए चुनाव जीतने में सफल रहे। चुनाव जीतने के बाद हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार ने रविंद्र नाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

2024 के बीजेपी प्रत्याशी माधव चंद्र महतो 2014 की चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा पार्टी से तथा 2019 की चुनाव में आजसू पार्टी से चुनाव लड़ने के कारण भाजपा के वोट बैंक बंट जाने से सत्यानंद झा बाटुल को हार का सामना करना पड़ा। 2024 की विस चुनाव में बीजेपी की ओर से सत्यानंद झा बाटुल का टिकट काट कर माधव चंद्र महतो को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं झामुमो से वर्तमान विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो चुनावी मैदान में हैं।

1957 आम चुनाव के बाद नाला विधानसभा अस्तित्व में आया। नाला विधानसभा क्षेत्र का इतिहास कई दृष्टिकोण से बड़ा ही रोचक है। पश्चिम बंगाल राज्य के बीरभूम एवं वर्धमान वर्तमान में (पश्चिम वर्धमान) से सटा होने के कारण यह विधानसभा क्षेत्र बंगाली एवं संताली आबादी बहुल क्षेत्र है। आजादी के बाद से इस विधानसभा सीट पर अधिकतम समय बांग्ला भाषी प्रत्याशी ने ही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है।

नाला विधानसभा में टिकट के लिए एक दल विशेष के कई लोग विगत लोकसभा चुनाव के समय से दावे ठोक रहे थे और पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने तरीके से गोलबंद कर रहे थे। विधानसभा चुनाव के लिए कई उम्मीदवार लाइन में खड़े थे, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी आलाकमान ने पुराने को टिकट नहीं देकर नया प्रत्याशी पर भरोसा जताया है। हालांकि इस बार के चुनाव में पिछली बार हार खाये दूसरे पार्टी के नेता मौके का फायदा उठाते हुए राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर टिकट हथिया लिये और पुराने को हाशिए पर ला खड़ा कर दिया।

# इस सीट पर 44 सालों से जेएमएम कर रही राज, जहां कभी नहीं खिला कमल

**भगत(पाकुड़), एजेंसी।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र झामुमो का अभेद किला माना जाता है। साल 1980 में झामुमो ने पहली बार लिट्टीपाड़ा से जीत दर्ज की थी। उसके बाद से अब तक लिट्टीपाड़ा विधानसभा में झामुमो का ही झंडा बुलंद रहा है। इस विधानसभा सीट पर झामुमो और भाजपा में ही सीधी टक्कर होती है लेकिन अब तक भाजपा झामुमो को पीछे नहीं छोड़ पायी है।

इस सीट पर साल 1952, 1957 और 1962 के विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी का कब्जा रहा। झारखंड पार्टी के नेता रामचरण किस्कू तीनों बार विधायक रहे। उसके बाद साल 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बी मुर्मू ने रामचरण किस्कू को पीछे छोड़ दिया। बी मुर्मू को पीछे छोड़ बिहार प्रांत हूल झारखंड के नेता सोम मुर्मू ने लगातार 1969 और 1972 के चुनाव में जीत दर्ज की।

लिट्टीपाड़ा विधानसभा में ऐतिहासिक मोड़ साल 1977 में तब आया जब लिट्टीपाड़ा प्रखंड के डुमरिया गांव से निकलकर साइमन मरांडी पहली बार विधानसभा में अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी जीत दर्ज की। उसके बाद संताल परगना में झामुमो सुप्रीमो गुरुजी की गूंज सुनाई देने लगी।

साइमन मरांडी ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा से साल 1980 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट पर चुनाव लड़े और जीत दर्ज की। तब से लेकर आज तक इस विधानसभा क्षेत्र में साइमन मरांडी के परिवार का दबदबा है। वर्तमान में साइमन मरांडी के बेटे दिनेश मरांडी झामुमो पार्टी से विधायक हैं।

2014 के चुनाव में अनिल मुर्मू झामुमो की टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। लेकिन उसके बाद के उपचुनाव में फिर से साइमन परिवार का इस सीट पर दबदबा बन गया। इस विधानसभा सीट से साइमन मरांडी पांच बार विधायक बने। वहीं उनकी पत्नि सुशीला हांसदा चार बार विधायक रहीं और साल 2019 के विधानसभा चुनाव में साइमन मरांडी के बेटे दिनेश विलियम मरांडी विधायक बने।

वर्तमान में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो इस सीट पर झामुमो को चुनौती देती हुई दिखती है लेकिन अब तक उसे सफलता हाथ नहीं लगी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक अमित शाह, राजनाथ सिंह, रघुवर दास सहित अन्य महत्वपूर्ण हस्तियों ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दानियल किस्कू के लिए चुनाव प्रचार किया था लेकिन वे 13,903 वोट से पराजित हो गये। वहीं साल 2017 के उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी साइमन मरांडी ने भाजपा प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को 12,900 वोट से पराजित किया था।

### सीआइएसएफ ने चोरी के आरोप में पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो इस्पात संयंत्र में चोरी करते हुए सीआइएसएफ की टीम ने पांच लोगों को रंगे हाथ पकड़ कर माराफारी थाना को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार बीएसएल के पीसीएम एरिया में सीआइएसएफ को चोरी होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर सीआइएसएफ की टीम ने चोरों को पकड़ने के लिए प्लान बनाया। टीम में शामिल जवानों ने सूचना वाले स्थल पर कुछ संदिग्धों को देखा। तुरंत सूचना निरीक्षक क्राइम को दी गयी। क्राइम टीम के सदस्यों ने क्षेत्र की घेराबंदी की और दो संदिग्धों को दबोच लिया। इसके बाद बल के सदस्यों, सीआइडब्लू, क्यूआरटी की मदद से तीन अन्य संदिग्धों को पकड़ा गया। डॉग स्क्वायड की मदद से चला सर्च अभियान ¬घटना की जानकारी के बाद जोन प्रभारी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। डॉग स्क्वायड की मदद से एरिया में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च के दौरान लगभग 250 किलो स्क्रैप कॉपर केबल व अन्य सामान बरामद किया गया। पकड़े गये संदिग्धों में संदीप साहनी (40 वर्ष) कैलाश कुमार (27 वर्ष), अर्जुन मांझी (25 वर्ष), बिनोद दास ( 37 वर्ष), राम सिंह मुंडा ( 40 वर्ष) शामिल हैं। सभी बालीडीह थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह का रहनेवाले हैं। सभी को माराफारी थाना को सौंप दिया गया।

### फिर रूला रहा प्याज, थोक में 45 रुपये किलो तो खुदरा में बिक रहा 70 रुपये

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में खुदरा सब्जी विक्रेता जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, जिस कारण लोग परेशान हाल हैं। थोक बाजार में भले ही कीमतें घटी हैं, लेकिन इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। थोक मंडी पंडरा बाजार में प्याज 45 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, लेकिन खुदरा सब्जी बाजार में यह 70 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। यही नहीं, अदरक थोक मंडी में 45 रुपये प्रति किलो मिल रहा है, जबकि, खुदरा बाजार में लोगों को यह 120 रुपये से 200 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। वहीं, आलू की कीमत भी खुदरा बाजार में 35-40 रुपये है।



प्याज की तरह आलू का भी हाल है। रांची के थोक बाजार में सफेद आलू 22-24 रुपये और लाल आलू 26-28 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। जबकि खुदरा बाजार में सफेद आलू 35 रुपये और लाल आलू 35-40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। लहसुन की भी यही स्थिति है। थोक मंडी में लहसुन 220-330 रुपये प्रति किलो मिल रहा है, जबकि, खुदरा बाजार में लहसुन 350 रुपये से 440 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

खुदरा बाजार में टमाटर और फूलगोभी की कीमत कम हुई है। टमाटर 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इसी प्रकार, फूलगोभी भी 50 रुपये प्रति किलो मिलने लगा है। जबकि, 20 दिन पहले यह 80 रुपये प्रति किलो तक रहा है।